हिन्दू नववर्ष (नव संवत्सर) की हार्दिक शुभकामनाऐं

दैनिक
# गरीबों का सितारा
।।दशकों पुराना साथ।।
निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज
RNI : RAJHIN13216/2005
शुभ नवरात्रि
"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 17 अंक: 240 पेज: 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, बुधवार 22 मार्च, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

## उत्तर भारत में भूकंप, दिल्ली-NCR UP, पंजाब और राजस्थान हिले

**तीव्रता 6.6 आंकी गई; अफगानिस्तान में सेंटर, कजाकिस्तान, पाकिस्तान और चीन में भी झटके**

गरीबो का सितारा

**नई दिल्ली।** दिल्ली-ठउफमें मंगलवार रात करीब सवा दस बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। UP, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, बिहार में भी झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता 6.6 आंकी गई। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के फैजाबाद से 133 किमी दक्षिण पूर्व में रहा। भूकंप का केंद्र जमीन से 156 किमी की गहराई में था। भूकंप से जानमाल के नुकसान की खबर तो अभी नहीं है, लेकिन दिल्ली में शकरपुर इलाके में एक इमारत के झुकने की सूचना मिली थी। दमकल विभाग के डायरेक्टर अतुल गर्ग ने कहा- हमारी टीम ने पूरे इलाके में सर्च किया। हमें कहीं ऐसी बिल्डिंग नहीं मिली है। भारत के अलावा, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, कजाकिस्तान और चीन में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।



### जयपुर सहित राजस्थान के कई जिलों में रात साढ़े दस बजे महसूस हुए झटके

राजस्थान में मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। जयपुर सहित तमाम शहरों में लोग घरों से बाहर भागे। एक-दूसरे को फोन कर भूकंप आने की जानकारी दी। बीकानेर, जोधपुर, अलवर, गंगानगर, अजमेर, झुंझुनूं आदि शहरों में भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग घर से बाहर की ओर दौड़े। अपने नाते-रिश्तेदारों को फोन करके इसकी जानकारी भी दी, ताकि सभी सुरक्षित अपने घरों से बाहर आ जाएं।

### झटकों पर दिल्ली-NCR के लोगों का रिएक्शन

नोएडा हाइड पार्क सोसाइटी में रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि उसने सबसे पहले डाइनिंग टेबल को हिलते हुए देखा। इसके तुरंत बाद हमने देखा कि पंखे भी हिल रहे थे। भूकंप की तीव्रता काफी तेज थी और यह काफी देर तक रुका रहा। दिल्ली में एक कैब मालिक रमेश पवार ने कहा कि जब वह कनॉट प्लेस के पास यात्रियों का इंतजार कर रहा था तो उसने भूकंप महसूस किया। अचानक मेरी कार हिलने लगी। मैं तुरंत चिल्लाया और अपने दोस्तों को इसके बारे में बताया।

### ग्वालियर में भूकंप से डरे लोग, घरों से बाहर निकले

मध्यप्रदेश के ग्वालियर में भी रात करीब 10:20 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। लोगों ने कुछ सेकेंड्स के लिए कंपन महसूस किया। शहर में ऊंची इमारतों में रहने वाले लोग तो सड़क पर निकल आए। भूकंप को लेकर लोगों में दहशत देखी गई। हालांकि, कहीं से किसी प्रकार के नुकसान की खबर अब तक नहीं है।

## लंदन में खालिस्तानियों का विरोध : सैकड़ों भारतीय तिरंगा लेकर इंडियन हाई कमीशन पहुंचे

**पुलिस अफसर ने हिंदुस्तानी गाने पर डांस किया**

गरीबो का सितारा

**लंदन।** लंदन में रविवार को इंडियन हाई कमीशन पर खालिस्तानियों के हमले के बाद तस्वीर का दूसरा पहलू दिखा। मंगलवार को सैकड़ों भारतीय नागरिक (सिख भी शामिल) इंडियन हाई कमीशन के बाहर जुटे और भारत के साथ एकजुटता का संदेश दिया। इस दौरान भारत माता की जय और जय हिंद के नारे गूंजते रहे। प्रदर्शन कर रहे लोग भारतीय फिल्म स्लमडॉग मिलेनियर के ऑस्कर विनिंग सॉन्ग जय हो पर झूमते दिखे। वहीं, माहौल तब खुशनुमा नजर आया, जब एक ब्रिटिश पुलिस अफसर एक भारतीय लड़की के साथ डांस करता दिखा। अफसर लड़की से डांस मूव सीख रहा था।



### खालिस्तानियों से हार नहीं मानेंगे

मंगलवार को खालिस्तानियों की हरकत का विरोध करने के लिए जुटे लोगों में से एक ने कहा- कुछ लोग भारत और यहां अमन का माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इन लोगों को जवाब दिए जाने की जरूरत है। रविवार को जब खालिस्तानियों ने यहां तोड़फोड़ करके तिरंगा उतारा था, तब पुलिस मौजूद नहीं थी। मंगलवार को नजारा दूसरा था। मेट्रो पुलिस की टीम अलर्ट पर थी। रविवार को ही अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में इंडियन कॉन्स्यूलेट पर खालिस्तानियों ने हमला किया था। यहां के दरवाजे और खिड़कियां तोड़ दी गई थीं।

### लंदन में हुआ भारी विरोध

खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस कार्रवाई कर रही है। रविवार को इसका विरोध लंदन में मौजूद कुछ खालिस्तान समर्थकों ने किया। खालिस्तानी लंदन में भारतीय हाई कमीशन पहुंचे। पहले तोड़फोड़ की और बाद में यहां लगा तिरंगा उतार दिया। भारत ने इस पर सख्त ऐतराज जताया। दिल्ली में ब्रिटिश हाई कमिश्नर को तलब किया गया। इस बीच, हाई कमीशन पर अब पहले से ज्यादा बड़ा तिरंगा लगा दिया गया। लंदन में भारत के हाई कमीशन पहुंचे लोगों के हाथ में खालिस्तानी झंडा और अमृतपाल सिंह के पोस्टर थे। पोस्टर्स पर लिखा, 'फ्री अमृतपाल सिंह' (अमृतपाल सिंह को आजाद करो), 'वी वॉन्ट जस्टिस' (हमें न्याय चाहिए) और 'वी स्टैंड विथ अमृतपाल सिंह' (हम अमृतपाल के साथ हैं)।

### हमने हमेशा अपने तिरंगे का सम्मान किया

सोमवार को नई दिल्ली में प्रदर्शन के लिए पहुंचे सिखों ने कहा- पाकिस्तान की बदनाम खुफिया एजेंसी ISI हमारे देश के अमन-चैन को तबाह करने की साजिश रच रही है। हमने हमेशा अपने तिरंगे का सम्मान किया है और लंदन में हुई हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन में शामिल एक युवा सिख ने कहा- लंदन में जो कुछ हुआ, हम उसका जवाब देने आए हैं। हम ये किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। आज हम हजारों सिख अपने-अपने काम छोड़कर ये बताने आए हैं।

## खाचरियावास बोले- एक व्यक्ति-गुट हावी हो तो मनमानी होती है, पायलट सही

**MLA भाकर ने कहा- हाईकमान को नीचा दिखाने वालों पर कार्रवाई करें**

गरीबो का सितारा



**जयपुर।** कांग्रेस में खेमेबंदी के चलते सियासी खींचतान फिर तेज होने के आसार बन गए हैं। राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के गहलोत कैंप पर सवाल उठाने के बाद अब बयानबाजी का दौर तेज हो गया है। पायलट के विधायक दल की बैठक बुलाने पर सवाल उठाने का खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने समर्थन किया है। पायलट समर्थक और लाडनूं (नागौर) विधायक मुकेश भाकर ने गहलोत समर्थक नेताओं पर हमला बोला है। कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा से जब विधायक दल की बैठक के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा- जब विधायक कहेंगे तो विधायक दल की बैठक बुला लेंगे। सचिन पायलट के विधायक दल की बैठक नहीं बुलाने पर सवाल उठाने का खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने समर्थन किया है। उन्होंने कहा- जब एक ही व्यक्ति, एक ही ग्रुप पार्टी पर हावी हो जाए तो फिर मनमानी होती है। पायलट को अपनी बात कहने का हक है। उनकी बात का जवाब देने का हक केवल हाईकमान को है। पार्टी और सरकारों में बैलेंस होता है तो पार्टी भी मजबूत होती है। सरकार भी मजबूत होती है। इस तरह की बातें चलने से पार्टी कमजोर नहीं होती। पार्टी में बैलेंस रहता है।

### पायलट ने हाईकमान के मुद्दे को उठाया

खाचरियावास ने कहा- जब राहुल गांधी का बयान आ गया कि पायलट पार्टी के असेट हैं। ऐसे में वे कोई भी मुद्दा उठाते हैं तो उस मुद्दे का सम्मान हाईकमान भी करता है। हम भी करते हैं। सचिन पायलट ने पार्टी लाइन से अलग हटकर कोई बात नहीं की है। वह तो पार्टी लाइन की बात कर रहे हैं। उन्होंने हाईकमान के मुद्दे को उठाया है। उनकी अपनी आवाज है। हर व्यक्ति को अपनी आवाज उठाने का हक है। कोई व्यक्ति खुद के अधिकारों के लिए नहीं लड़ सकता तो वह दूसरों को अधिकार नहीं दिला सकता। जो लीडर अधिकारों के लिए लड़ रहा हो, उसके साथ जनता की ताकत होती है।

### मेरे और पायलट के बीच लड़ाई नहीं, वो जमाना गया

खाचरियावास ने कहा- सचिन पायलट के बयान का स्वागत होना चाहिए। यह टकराव थोड़े ही है। मेरे और पायलट के बीच कोई लड़ाई नहीं है। वो जमाने गए। कोई ज्यादा उछल रहा है और किसी में दम है तो खिलाफ बोलकर दिखा दे। यदि सचिन पायलट राजस्थान की जनता की और विधायकों की आवाज उठा रहे तो यह उनका हक है।

## प्रदेश में फिर तेज बारिश और ओले का अलर्ट

**आंधी भी चलने की आशंका; मार्च में सामान्य से ढाई गुना ज्यादा बरसात**

गरीबो का सितारा

**जयपुर।** राजस्थान में दो दिन बाद फिर बारिश-ओले गिरने की चेतावनी है। राज्य में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसका सबसे ज्यादा असर 23-24 मार्च को पश्चिमी और पूर्वी राजस्थान में देखने को मिलेगा। इधर, प्रदेश में दो सप्ताह से रुक-रुककर हो रही बरसात किसानों पर कहर बनकर टूटी है। फसल खराब हो गई। मौसम केन्द्र के मुताबिक मार्च में इस बार सामान्य से ढाई गुना ज्यादा बारिश अब तक हो गई है। पिछले 24 घंटे में राजसमंद, चित्तौड़गढ़, नागौर, जयपुर, भीलवाड़ा, धौलपुर, कोटा, उदयपुर, भरतपुर, सीकर, चूरू, हनुमानगढ़, झालावाड़, बारां, झुंझुनूं, अलवर, सवाई माधोपुर, कोटा, गंगानगर जिलों में बारिश हुई। सबसे ज्यादा बरसात अलवर के मालाखेड़ा कस्बे में 53टट दर्ज हुई। अलवर में बारिश के कारण यहां गेहूं और सरसों की फसलों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। मालाखेड़ा के अलावा नीमराणा में 45, कोटकासिम में 30, बहरोड़, गोविंदगढ़, कठूमर, रामगढ़ और बहादुरगढ़ में 10 से 15टट के बीच बारिश हुई।

### हनुमानगढ़ में कई जगह पानी भरा

अलवर के अलावा 20 मार्च को हनुमानगढ़ शहर और नोहर तहसील में भी एक इंच पानी बरसा। इससे यहां कई जगह पानी भर गया। संगरिया के एक सरकारी स्कूली में बच्चे भरे पानी के बीच से होकर निकलते दिखाई दिए। यहां तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। इससे यहां खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ। अजमेर जिले के कई स्थानों पर 20 मार्च को बारिश के साथ ओले गिरे। यहां सड़क और खेतों में ओलों की सफेद चादर बिछ गई। बारिश और ओले गिरने से अजमेर में दिन का तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस गिरकर 26.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

## अतीक अहमद के दफ्तर से 9 पिस्टल, 1 तमंचा मिला

**दीवारों-फर्श में दबा मिला 74.62 लाख कैश, पुलिस की रेड में 5 गुर्गे अरेस्ट**

गरीबो का सितारा

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड के 26 दिन बाद पुलिस ने मंगलवार को माफिया अतीक अहमद के ऑफिस पर छापा मारा। चकिया स्थित ऑफिस में 74 लाख 62 हजार रुपए कैश, 9 पिस्टल, 1 तमंचा और कारतूस मिले। पुलिस ने अतीक के पांच गुर्गों को भी गिरफ्तार किया है। अतीक अहमद के चकिया स्थित दफ्तर में कैश और हथियार को दीवारों और फर्श में दबाकर रखा गया था।



### 500 और 200 की गड्डियां मिलीं

पुलिस की रेड में दीवारों और फर्श को तोड़ने के बाद 500 और 200 रुपए के नोट बरामद हुए। जिन्हें गिनने के लिए मशीन मंगवानी पड़ी। भारी पुलिस बल के साथ अफसरों की टीम भी यहां मौजूद रही। खुद प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा भी मौजूद रहे। पुलिस ने दफ्तर में काम करने वाले 5 लोगों को फिलहाल गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर छापेमारी और बरामदगी की गई। राजू पाल हत्याकांड के आरोपी अतीक अहमद का यह ऑफिस 2020 में अवैध निर्माण के चलते गिरा दिया गया था। इस कार्यालय में अवैध गतिविधियों के संचालित होने की जानकारी होने पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

### शूटरों से संपर्क के आरोप में गिरफ्तार किए गए गुर्गे

बताया जा रहा है कि पकड़े गए पांच लोगों में से दो गुर्गे उमेश पाल हत्याकांड की पूरी कहानी जानते हैं। वे लगातार शूटरों के संपर्क में थे। हिरासत में लिया गया शख्स, माफिया डॉन अतीक अहमद के चकिया इलाके का ही रहने वाला है। उसके बाबा और पिता भी अतीक के लिए काम करते थे। गिरफ्तार आरोपियों के नाम नियाज अहमद, मोहम्मद सजर, कैश अहमद, राकेश कुमार और अरशद कटरा उर्फ अरशद खान हैं। पुलिस के मुताबिक नियाज अहमद ने उमेश पाल हत्याकांड से पहले रेकी की थी। अतीक के बेटे असद ने सजद को आईफोन दिया था। सजद ने ही उमेश पाल की लोकेशन दी थी। अरशद खान उर्फ अरशद कटरा भी इस हत्याकांड की साजिश में शामिल था। पुलिस ने बताया कि कैश अहमद अतीक का ड्राइवर था।



पूर्वानुमान> 23°

| | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 26°c | 25°c | 28°c | 28°c |
| न्यूनतम> | 15°c | 16°c | 19°c | 19°c |

# राजस्थान आईटी दिवस 2023 का समापन– आईटी मेगा जॉब फेयर में 12500 से अधिक जॉब ऑफर प्रदान किए

## 58 हजार से अधिक लोगों ने लिया विभिन्न आयोजनों में हिस्सा, हैकाथॉन के वियताओं को दिए गए पुरस्कार

गरीबो का सितारा

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की डिजिटल राजस्थान की संकल्पना को साकार रूप में प्रदर्शित करने वाले राजस्थान आईटी दिवस 2023 फेस्ट का मंगलवार को समापन हुआ। तीन दिन तक आयोजित हुए इस फेस्ट में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शुरूआती दो दिन युवाओं के बीच रहे और उनका उत्साह बढ़ाया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आईटी के बजट में लगातार बढ़ोतरी करते रहे हैं तथा सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से करोड़ों प्रदेशवासियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित करने के अपने संकल्प के साथ राजस्थान को मॉडल स्टेट बना रहे हैं। इसी यात्रा की झलक दिखाने वाले राजस्थान आईटी दिवस 2023 फेस्ट में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर आयोजित हुए आईटी मेगा जॉब फेयर में 12500 से अधिक जॉब ऑफर प्रदान किए गए। 58 हजार से अधिक लोगों ने विभिन्न आयोजनों में हिस्सा लेकर इस फेस्ट को सफल बनाया।




### स्मार्ट विलेज में जीवंत प्रदर्शन

राजस्थान आईटी डे 2023 फेस्ट की कड़ी में जवाहर कला केंद्र में स्मार्ट विलेज स्थापित किया गया जिसमे आदर्श ग्राम पंचायत में ग्राम सभा, राजीविका स्वयं सहायता समूह, ग्राम सहकारी सेवा समिति, ई मित्र और ई मित्र प्लस, आधार नामांकन केंद्र, बैंकिंग सेवाएं, डाक घर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ई पाठशाला, कौशल विकास केंद्र, आई टी ज्ञान केंद्र आदि की सजीव चित्रण किया गया। साथ ही विभिन्न सरकारी विभाग यथा कृषि विभाग की फार्मिंग विधि एवं ड्रोन द्वारा पेस्टीसाइड का छिड़काव, उद्यानिकी विभाग, जल ग्रहण एवं मृदा संरक्षण विभाग द्वारा राजीव गांधी जल संचय योजना का प्रदर्शन, इंदिरा रसोई योजना, पशुपालन विभाग, सरस डेयरी, खाद्य विभाग की उचित मूल्य की दुकान, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा कार रेसिंग ट्रैक, ड्रोन फाइट, राजीविका के महिला स्वयं सहायता समूह एवं राजस्थानी व्यंजन परोंसने वाला ढाबा भी स्मार्ट विलेज में प्रदर्शित किया गया।

### समापन दिवस पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा आयोजित किए गए राजस्थान आईटी डे 2023 फेस्ट के समापन दिवस मंगलवार को मेगा आईटी जॉब फेयर, हेकाथॉन, स्मार्ट विलेज, विभिन्न टॉक शॉ, फिल्म फेस्टिवल का प्रदर्शन एवं मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजस्थान व कॉमर्स कॉलेज में दो दिन तक आयोजित हुए मेगा आईटी जॉब फेयर में लगभग 18500 से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया। विभिन्न कंपनियों द्वारा युवाओं को उनके अनुभव और शैक्षणिक योग्यता के आधार पर हजारों अभ्यर्थियों का इंटरव्यू लिया गया और 12500 से अधिक जॉब ऑफर प्रदान किए गए। गौरतलब है कि दिये गये जॉब में 36 लाख रुपए का अधिकतम वार्षिक पैकेज ऑफशोर टेक्नोलेब द्वारा श्री पंकज कुमार को ऑफर किया गया। जॉब फेयर में 430 से अधिक कम्पनियों ने हिस्सा लिया।

### हेकाथॉन के विजेताओं को मिले पुरस्कार

छत्तीस घंटे के नॉन-स्टॉप कोडिंग मैराथन हैकथॉन का मंगलवार सुबह 10:00 बजे समापन हुआ। नॉन-स्टॉप कोडिंग मैराथन के माध्यम से प्रतिभाशाली कोडर्स, डेवलपर्स और डिजाइनरों द्वारा अभिनव समाधान विकसित करने, रोमांचक पुरस्कारों के लिए प्रतिस्पर्धा करने एवं 60 लाख रुपये की परियोजनाओं पर राजस्थान सरकार के साथ काम करने के लिये प्रतिस्पर्धा की गई। प्रथम पुरस्कार के रूप में गाजियाबाद से विशाल मिश्रा, उज्ज्वल कसेरा, आकाश कुमार यादव, तनिष्क श्रीवास्तव, श्रीशुंद लाहिरी की टीम कृषक को 25 लाख रुपए का वर्क ऑर्डर दिया गया। ऑनलाइन हैकाथॉन के विजेता इश्विन खत्री, चौतन्य रॉय, शनील खत्री, मनीष शंभू और मोहित कड़वे की टीम रही। मेगा हेकाथॉन के समापन पर पुरस्कार वितरण शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला एवं मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य शासन सचिव श्री अखिल अरोड़ा एवं श्री आशीष गुप्ता, आयुक्त, सूचना प्रौद्योगिकी एंव संचार विभाग भी उपस्थित रहे। प्रथम पुरस्कार के रूप में 25 लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 20 लाख रुपए एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 15 लाख रुपए के कायार्देश राजस्थान सरकार द्वारा दिये जायेंगे। इस प्रतिस्पर्धा में 5500 पंजीकृत प्रतिभागियों में से 3000 प्रतिभागियों ने ऑन प्रिमाईसिस हेकेथॉन में भाग लिया जिनमें से महिला प्रतिभागियों की भागेदारी लगभग 35 प्रतिशत रही।

### पैनल चर्चा एवं सेशन

महिला शक्ति के विषय पर एक पैनल चर्चा हुई जिसमें प्रबुद्ध महिला अतिथिगण जैसे मुग्धा कालरा (ब्रॉडकास्ट पत्रकार), अजैता शाह (संस्थापक, फ्रंटियर मार्केट्स), पूजा बजाज (सोशियो-सिविक चेंजमेकर), खुशबू बाकलीवाल (चेयरपर्सन, जीतो लेडीज) ने अपने विचार प्रस्तुत किये। स्टार्ट-अप गपशप में अनुभव दुबे (संस्थापक चाय सुट्टा बार), संजोत कीर (संस्थापक, योर फूड लेब) एवं नीयू (यूट्यूबर) द्वारा स्टार्ट-अप विषय पर चर्चा की गई। मशहूर लेखक चेतन भगत के साथ भी एक टॉक सेशन का आयोजन किया गया। आई-स्टार्ट करियर हेकाथॉन में अनुभव दुबे (संस्थापक चाय सुट्टा बार), पूजा बजाज (सोशियो-सिविक चेंजमेकर), सुरेश कुमार (इसरो वैज्ञानिक), डॉ अंशुल ढींगरा एवं दिलराज सिंह रावत (यूट्युबर) ने अपने विचार एवं अनुभव साझा किये। आई स्टार्ट यूथ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में विभिन्न प्रेरणादायी फिल्मों जैसे सिंधुस्तान, एन इंजिनियर्ड ड्रीम एवं किलर का प्रदर्शन किया गया। इसी फेस्ट के दौरान आर-कैट राजस्थान में तकनीकी परितंत्र को मजबूत करने के लिए राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (आरटीयू), मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय (एमएलएसयू), मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर (एमयूजे) और विवेकानंद ग्लोबल विश्वविद्यालय (वीजीयू) के साथ शैक्षिक एमओ यू एवं एप्पल, माइक्रोसॉफ्ट और ईसी काउंसिल के साथ उद्योगिक एमओयू हस्ताक्षर किये गये।

# डॉक्टरों को चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा का समर्थन



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक को लेकर बीकानेर शहर के डॉक्टरों द्वारा No To RTH आंदोलन को आज चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा द्वारा समर्थन दिया गया। चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ सिद्धार्थ असवाल ने बताया कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार द्वारा लोगों को भ्रमित करने एवं सिर्फ रेवडियो बांटने जैसी घोषणाओं के बल पर वोट बैंक हासिल करने के उद्देश्य से डॉक्टर एवं जनता के अहित के लिए यह बिल लाया गया है। सरकार द्वारा सरकारी चिकित्सालय में टीटी के इंजेक्शन एवं गॉज पट्टी तक की व्यवस्था नहीं कर पाती है । वहीं दूसरी ओर प्राइवेट हॉस्पिटल को निशुल्क उपचार के लिए बाध्य कर रही है। डॉक्टरों द्वारा इस आंदोलन में सहयोग के लिए पूर्व शहर अध्यक्ष एवं हनुमानगढ़ प्रभारी भाजपा श्री अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि यह बिल बिल्कुल भी जायज नहीं है इसका विरोध हर स्तर पर होना चाहिए। एक तरफ सरकार सरकारी हॉस्पिटल के मिनिमम स्टैंडर्ड भी पूरा करने में असफल है दूसरी तरफ इस बिल को लाकर पेशेंट और डॉक्टर के रिश्तो को खराब करना चाहती है। आंदोलन को आज भारतीय जनता पार्टी के अनेक पार्षद श्री संजय गुप्ता श्री हिमांशु शर्मा श्री विनोद श्री बजरंग सोखल श्री विकास श्री मनोज नायक, नर्सिंग सेवक, राजेंद्र गुप्ता , माया सोनी ,डॉक्टर पारूल यादव, किशोर भरवानी सहित सैकड़ों लोगों ने समर्थन देखकर समर्थन दिया।

# हैरिटेज निगम की शहरवासियों को सोगात, प्लास्टिक की बोतलों के निस्तारण हेतु 2 शड्रर मशीनें स्थापित

## एक हजार बोतलें रोज हो सकेगी निस्तारित, प्लास्टिक की बोतलों से फैलने वाले कचरे से मिलेगी निजात : हैरिटेज महापौर

गरीबो का सितारा

**जयपुर।** कोल्ड ड्रिंक, एनर्जी ड्रिंक व पानी की प्लास्टिक की बोतलें इस्तेमाल करने के बाद नागरिक व पर्यटक कहीं भी डाल देते थे जो शहरवासियों के साथ-साथ निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिये परेशानी का सबब था। परन्तु अब इनके निस्तारण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। हैरिटेज निगम महापौर श्रीमती मुनैश गुर्जर की शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने की मुहिम को देखते हुए देश के एक प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संगठन(एनजीओ) स्वावलम्बन ने सीएसआर के तहत 2 प्लास्टिक बोतल क्रशिगं मशीनें हैरिटेज नगर निगम को भेंट की है। हैरिटेज महापौर श्रीमती मुनैश गुर्जर ने मंगलवार को निगम मुख्यालय के मुख्य द्वार पर प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीन शड्रर को शहरवासियों को समर्पित किया । दूसरी मशीन श्रीमती गुर्जर के निर्देश पर जलमहल की पाल पर इन्दिरा रसोई के पास पर्यटकों के प्रतिदिन के अधिक आवागमन व हाट बाजार में आने वाले नागरिकों एवं पर्यटकों को अपनी प्लास्टिक बोतलों के निस्तारण की सहूलियत प्रदान करने व जलमहल में लोग प्लास्टिक की



बोतलें न डालें, की मंशा से स्थापित करवाई गई है। दूसरी मशीन का शुभारम्भ पार्षद अखतर हुसैन ने किया । महापौर श्रीमति गुर्जर ने बताया कि यह मशीन हैरिटेज मुख्यालय के गेट के बाहर, हवामहल के टिकट काउंटर के सामने इसलिए लगाई गई है क्योंकि हवामहल में प्रतिदिन हजारों पर्यटक घूमने आते हैं व निगम मुख्यालय में सैंकड़ों नागरिक निगम संबधी कार्यों के लिए आते हैं व आजकल प्लास्टिक की बोतल में पानी लेकर चलना पर्यटकों के साथ-साथ औसत व्यक्ति की आदत में शुमार है लेकिन पानी खत्म होते ही लोग इन बोतलों को कहीं भी फैंक देते हैं जिससे कचरा फैलता है। ऐसे में यह मशीन हवामहल घूमने आने वाले पर्यटकों व निगम में आने वाले नागरिकों के द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली बोतलों को क्रश कर सकेगी । आयुक्त विश्राम मीणा ने उपायुक्त स्वास्थ्य को निर्देश दिये कि इन बोतलों के क्रश होने के बाद प्लास्टिक के दाने को संग्रहित किया जाये ताकि इसे रिसाईकल हेतु उपयोग में लिया जा सके । स्वावलम्बन की सीईओ श्रीमती स्मृति गुप्ता ने कहा कि इस मशीन से प्रतिदिन लगभग 500 बोतलें क्रश की जा सकती है व क्रश की गई बोतलों के प्लास्टिक दाने को सड़क बनाने घरेलू व कार्यालय उपयोग के बहुरंगी व आकर्षक फर्नीचर व अन्य सामान बनाने में उपयोग किया जा सकता है । इस अवसर पर उपायुक्त स्वास्थ्य आशीष कुमार, महापौर के विशिष्ठ सहायक उम्मेद सिंह व उप निदेशक, जन सम्पर्क मोती लाल वर्मा उपस्थित रहे।


# सरकार के हर फैसले से करोड़ों लोगों को फायदा: अध्यक्ष

## राजस्थान पर्यटन विकास निगम अजमेर के सिलोरा में जिला परिषद आपके द्वार कार्यक्रम



**जयपुर।** राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रत्येक वर्ग की उन्नति के लिए काम किया है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, 500 रूपए में सिलेंडर और पेंशन राशि से करोड़ों राजस्थानियों को फायदा मिलेगा। समाज के सबसे गरीब व्यक्ति को भी इस योजनाओं से राहत मिलेगी। राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र राठौड़ ने मंगलवार को अजमेर जिले के सिलोरा में आयोजित ह्लजिला परिषद आपके द्वारह्व शिविर को सम्बोधित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री राठौड़ ने कहा कि राजस्थान सरकार पूरे मनोयोग से आमजन की भलाई के लिए काम कर रही है। राज्य सरकार का लक्ष्य कतार में अंतिम व्यक्ति तक राहत पंहुचाना है और इसमें वह सफल रही है। श्री राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राजस्थान ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में शानदार काम किया है। प्रदेश में चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की राशि 10 लाख से बढ़ा कर 25 लाख रूपए कर दी गई है। गरीब से गरीब लोग अब महंगे अस्पतालों में उपचार करवा सकते हैं। गरीबी के कारण कोई व्यक्ति इलाज से वंचित नहीं रहेगा। इसी तरह केन्द्र सरकार ने जहां 350 रूपए के सिलेंडर को महंगा करते-करते 1100 रूपए से ज्यादा महंगा कर दिया। वहीं राजस्थान में 76 लाख परिवारों को सिर्फ 500 रूपए में सिलेण्डर मिलेगा। उन्होंने कहा कि हाल ही मुख्यमंत्री ने जिलों की संख्या बढ़ा कर 50 कर दी है। राजस्थान में 19 नए जिले बनने से नागरिकों को जिला मुख्यालय जाने के लिए ज्यादा दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। अजमेर जिला प्रमुख श्रीमती सुशील कंवर पलाड़ा ने कहा कि हमारा उद्देश्य गरीब को गणेश मानकर सेवा करना है। हमने सदैव जनता की सेवा दलगत राजनीति से उपर उठकर की है। शिविर में एक ही छत के नीचे 18 विभागों की सेवाओं का लाभ आमजन को घर के पास ही उपलब्ध हो रहा है। पंचायतीराज सचिव श्री नवीन जैन ने अपने उद्बोधन में राज्य सरकार की योजनाओ पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रामीणों को चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना का लाभ अधिक से अधिक प्राप्त करने के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो इस योजना की धनराशि का वहन नही कर सकते हैं वह जिला प्रमुख को अवगत कराएं। ताकि जिन 200 ग्रामीणजनों को पंचायत समिति एवं जिला परिषद स्तर से राशि का भुगतान किया जाना है, उन्हें चिन्हित किया जा सके। शिविर में जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा एवं समाजसेवी भंवर सिंह पलाड़ा द्वारा 100 जरूरतमंद व्यक्तियों को 10-10 किलो के आटे का कट्टे का वितरण किया गया। इसी प्रकार 11 गर्भवती महिलाओं को जिला प्रमुख द्वारा स्वयं के धन से 1-1 बेस प्रदान कर गोद भराई की गई। विभाग द्वारा चिन्हित 11 बच्चों का जन्म दिवस मनाकर स्वयं धन राशि से 100-100 रूपए प्रदान किए गए।

# 50 जिलों के नाम बोलने वाले विद्यार्थी से मुख्यमंत्री ने की बात



**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को राज्य के सभी 50 जिलों के नाम याद कर सुनाने वाले छात्र अर्जुन गाडरी से बात की और उसकी प्रतिभा की सराहना की। अर्जुन उदयपुर के मावली उपखंड के खेमपुर गांव का निवासी है और कक्षा 4 में अध्ययनरत है। उसके द्वारा 50 जिलों के नाम याद कर सुना देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गहलोत ने विडियो कॉल के माध्यम से मेधावी छात्र अर्जुन से बात की और उसके भविष्य के बारे में चर्चा की। अर्जुन ने अध्यापक बनने की इच्छा जाहिर की। इस दौरान अर्जुन ने दोबारा 50 जिलों के नाम सुनाए, जिससे मुख्यमंत्री बहुत प्रभावित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अर्जुन की पारिवारिक स्थिति पर भी चर्चा की तथा उसके परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री सहायता कोष से 21000 रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

## पंचाग

दिनांक 22 मार्च 2023 बुधवार

विक्रम संवत2080चैत्र शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | प्रथम | 20:20:25 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | उत्तरभाद्रपदा | 15:31:11 |
| योग | शुक्ल | 09:15:52 |
| योग | ब्रह्म | 30:14:17 |
| करण | किन्स्तुघ्न | 09:32:51 |
| करण | बव | 20:20:25 |
| चन्द्र राशि | मीन | |
| सूर्य राशि | मीन | |
| दिशा शूल | उत्तर | |
| सूर्योदय(जयपुर) | 06:30:22 | |
| सूर्यास्त | 18:37:33 | |
| चंद्रोदय | 06:57:13 | |
| चंद्रास्त | 19:26:04 | |
| राहू काल | 12:34-14:05 | |
| शुभ चोघडिया | | |
| लाभ | 06:30-08:01 | शुभ |
| अमृत | 08:01-09:32 | शुभ |
| शुभ | 11:03-12:34 | शुभ |
| चर | 15:36-17:07 | शुभ |
| लाभ | 17:07-18:38 | शुभ |



विशेष जानकारी:–
पंचक प्रारंभ
नववर्ष:–आज
नवरात्रि घट स्थापना:–आज

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

# भारत विकास परिषद द्वारा ब्यावर जिला बनने के बाद पहला विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 23 को

गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** भारत विकास परिषद शाखा ब्यावर एवं ड्रा. एस.एन. टेलर फाउंडेशन द्वारा विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा प्रकल्प प्रभारी - राजेन्द्र काबरा ने बताया कि आगामी 23 मार्च, बलिदान दिवस पर स्व. हेमेंद्र टेलर की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर स्वामी विवेकानन्द फिजोथेरेपी केंद्र, अकाल राहत नागरिक सेवा समिति भवन, सूरज पोल गेट बाहर आगामी 23 मार्च गुरुवार को प्रातः 10 बजे से साय 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जमा ब्लड राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय ब्लड बैंक में जमा करवाया जाएगा। जिससे कोई मुस्कराकर जी सके। ड्रा. एस. एन. टेलर फाउंडेशन, ब्यावर के रविन्द्र टेलर ने बताया कि रक्तदान शिविर के प्रचार प्रसार के लिए संकल्प पत्र, पैंपलेट, फ्लैक्स, निमंत्रण पत्र आदि का वितरण किया जा रहा है। सभी ब्यावर जिला वासियों से निवेदन है मानव सेवा के इस उत्कृष्ट कार्य में सहभागी बने।

# सरकारी फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ लेने के लिए शिविर का आयोजन आज

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** क्षेत्र के अलग-अलग गावों में बुधवार को जिला कलेक्टर अलवर के आदेश अनुसार जिला नवाचार सक्षम अलवर अभियान के अंतर्गत जिले में राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में पात्रता के बावजूद लाभ से वंचित पात्र व्यक्ति व परिवार को सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं यथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पालनहार योजना एवं मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लाभ दिलवाने के लिए प्रत्येक बुधवार को राजीव गांधी सेवा केंद्रों पर सामाजिक सुरक्षा अभियान का संचालन 22 मार्च से प्रारंभ होकर प्रत्येक बुधवार को सुबह 9 बजकर 30 मिनट से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। जिसमे 22 मार्च को उपखंड क्षेत्र के जागुवास, गुर्जरवास, मोहम्मद पुर, पहाड़ी व जैनपुरवास में आयोजित होंगे।

# चैत्र नवरात्री मेले के अवसर पर 03 जोड़ी रेल सेवाएं करेगी अटेली स्टेशन पर ठहराव

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** रेलवे द्वारा चैत्र नवरात्री मेले के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी, अजमेर-दिल्ली सराय-अजमेर व बांद्रा-चंडीगढ-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवाओं का दिनांक 22.03.23 से 30.03.23 तक अटेली स्टेशन पर अस्थाई ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार अटेली स्टेशन पर निम्नलिखित रेलसेवाओं का ठहराव दिया जा रहा है : गाडी संख्या 20474, उदयपुर-दिल्ली सराय एक्सप्रेस जो दिनांक 21.03.23 से 30.03.23 तक उदयपुर से प्रस्थान करेगी वह अटेली स्टेशन पर 02.32 बजे आगमन एवं 02.34 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 20473, दिल्ली सराय-उदयपुर एक्सप्रेस जो दिनांक 22.03.23 से 31.03.23 तक दिल्ली सराय से प्रस्थान करेगी वह अटेली स्टेशन पर 21.32 बजे आगमन एवं 21.34 बजे प्रस्थान करेगी। गाडी संख्या 12065, अजमेर-दिल्ली सराय एक्सप्रेस जो दिनांक 22.03.23, 24.03.23, 25.03.23, 27.03.23, 28.03.23, 29.03.23 व 31.03.23 को अजमेर से प्रस्थान करेगी वह अटेली स्टेशन पर 09.19 बजे आगमन एवं 09.21 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 12066, दिल्ली सराय-अजमेर एक्सप्रेस जो दिनांक 22.03.23, 24.03.23, 25.03.23, 27.03.23, 28.03.23, 29.03.23 व 31.03.23 को दिल्ली सराय से प्रस्थान करेगी वह अटेली स्टेशन पर 18.06 बजे आगमन एवं 18.08 बजे प्रस्थान करेगी। गाडी संख्या 22451, बान्द्रा टर्मिनस-चंडीगढ एक्सप्रेस जो दिनांक 23.03.23, 27.03.23 व 30.03.23 को बान्द्रा टर्मिनस से प्रस्थान करेगी वह अटेली स्टेशन पर 08.04 बजे आगमन एवं 08.06 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 22452, चंडीगढ-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस जो दिनांक 22.03.23, 26.03.23 व 29.03.23 को चंडीगढ से प्रस्थान करेगी वह अटेली स्टेशन पर 11.46 बजे आगमन एवं 11.48 बजे प्रस्थान करेगी।


गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी पर रमेश मावा वाले को किया नियुक्त



**बस्सी (रामफूल मीणा)।** मंगलवार को अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी रमेश मावावाले बीलवा को दिए जाने पर शीर्ष नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद बम्बाला और महामंत्री सीताराम अलियाबाद, कोषाध्यक्ष शम्भू कुईवाले का हार्दिक आभार प्रकट किया और राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष रमेश मावे वाले ने बताया कि में विश्वास जताते हुए मुझे राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सोपी है उस पर मे आशा ही नहीं अपितु हमें पूरा विश्वास दिलाता हूं कि समाज हित में की पुरे तन मन एवं धन से समाज की सेवा करते रहेंगे और समाज के युवाओ को और समाज को एक नई दिशा व दशा देंगे सामाजिक कार्यों मे हमेशा समाज की सेवा करता रहूंगा और समाज में फैल रही कुरीतियों व फिजूलखर्ची सहित अन्य मामलों को लेकर समाज में जागरूकता फेलाउंगा साथ साथ राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष रमेश शर्मा को समाज के युवाओं ने बधाई दी इस दौरान कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### परीक्षा देकर घर लौट रहे दो स्कूली बच्चों की सड़क दुर्घटना मे मौत, एक गंभीर रुप से घायल




**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर के निकटवर्ती मसूदा ग्राम पंचायत के नाड़ी ग्राम में मंगलवार को बोर्ड परीक्षा देकर लौट रहे हैं छात्रों की गाड़ी आमने सामने टकरा गई जिससे 4 छात्र घायल हो गए वहीं घटना की जानकारी मिलते ही नयागांव प्रधानाध्यापक मौके पर पहुंचे जहां घायलों को ब्यावर के राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय ले गए जहां दो छात्रो ने रास्ते में दम तोड़ दिया वही दो का उपचार जारी है जानकारी के अनुसार छात्र जो कि हाल ही में चल रहे हैं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा देने के लिए अपने बोर्ड सेंटर नयागांव आए परीक्षा देकर वापस घर लौटते समय दोनों भाई को का संतुलन बिगड़ गया जिसमें सवार चार छात्र घायल हो गए जिनको ब्यावर चिकित्सालय पहुंचाया लेकिन दो छात्रों ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया वही दो का उपचार जारी है वहीं दोनों छात्रों के शव को मोर्चरी में रखवा दिया एवं परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### आज हिंदू नववर्ष पर कस्बे में निकलेगी भगवा रैली

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** कस्बे में बुधवार को मुख्यमार्गों से विक्रम संवत 2080 चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा हिंदू वर्ष के उपलक्ष में हिंदू जागरण मंच व सर्व हिंदू समाज के सहयोग से कस्बे के मुख्य मार्गो से भगवा रैली निकाली जाएगी। व भारत माता राम दरबार की झांकी सजाई जाएगी। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे। रैली शाम 6 बजकर 30 मिनट पर कस्बे के कमला निजी स्कूल से शुरू करके सभी मुख्य मार्गो से निकालते हुए अन्त में स्कूल में ही समाप्त होगी।

### सहाड़ा में नो दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव आज से

गरीबो का सितारा

**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** सहाड़ा चामुंडा माता मंदिर पर समस्त ग्रामवासी के तत्वधान में पंडित विनोद शास्त्री के मुखारविंद से 22 मार्च बुधवार से 30 मार्च गुरुवार तक नौ दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तैयारी बैठक आयोजित की गई जिसमें पुजारी घनश्याम शर्मा, एडवोकेट रामेश्वर जाट ,भंवर जाट, एडवोकेट गोपाल शर्मा ,गोवर्धन शर्मा, एडवोकेट जगदीश चौधरी ,किशन बढेर, बद्रीलाल जाट,मोहनलाल जाट ,धीरज उपाध्याय,हस्तीमल सुराणा, सुरेश शर्मा, भगवती लाल सोनी ,नारू माली ,शंभू सिंह राठौड़, शंकर वैष्णव, माधु तेली व गोपाल सुथार सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे ।ग्राम के भंवर लाल जाट ने बताया कि 22 मार्च बुधवार को चारभुजा मंदिर से चामुंडा माता मंदिर तक कलशयात्रा साय 4 बजे निकाली जाएगी। समस्त ग्रामवासी द्वारा आयोजित नो दिवसीय श्री राम कथा को लेकर गाँव में उत्साह का माहौल है ।

### गंगापुर में भव्य सेवरा कार्यक्रम आयोजित



गरीबो का सितारा

**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** माहेश्वरी महिला प्रगति मंडल गंगापुर की ओर से भव्य सेवरा कार्यक्रम भगवान इंद्र देव के आशीर्वाद के साथ आयोजन का शुभारंभ किया गया। गणगौर के उपलक्ष में आयोजित इस भव्य सेवरा कार्यक्रम का प्रारंभ शास्त्री पार्क से प्रारंभ हुआ और सर्व प्रथम भूत बावजी , सहाड़ा चौपाटी, मुख्य बाजार, से कुण्ड चौक ज्ञान जी के चौक जेथलियों की धर्मशाला तक पहुंचा। सेवरा कार्यक्रम में नगर माहेश्वरी समाज की बुजुर्ग महिलाओं के साथ माहेश्वरी समाज की बहुओं,बेटियो एवम बालिकाओं ने बहुरंगी साड़ी और बेस में सज धज कर फूलमाला एवम पतियों से सुसज्जित सेवरे के साथ शोभायात्रा का प्रारंभ शास्त्री पार्क से हुआ,नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए निकाली गई शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण फुलो से सुसज्जित सेवरे,भव्य झांकियां रही व बालिकाओं द्वारा भगवान के वेश में सुंदर नृत्य करते हुए सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन ईसर गणगौर के नृत्य एवं भगवान महेश की वंदना के साथ समाप्त हुआ और बुजुर्ग महिलाओं का आशीर्वाद लिया गया।

# सरदार भगतसिंह मंडल अंतर्गत वार्ड नं 56 ट्रांसपोर्ट नगर में कांग्रेस पार्टी का 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित किया गया





गरीबों के सितारा

**रूपेश शर्मा।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया की ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का घर घर जाकर प्रचार प्रसार किया गया एवं कॉलोनी वासियों से मुलाकात कर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के संदेश, अलवर के विकास पुरुष पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह के विकास कार्यों, भाजपा ( भारतीय जुमला पार्टी ) एवं राजस्थान सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के पंपलेट वितरित किए गए तथा घरों पर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के स्टीकर लगाए गये। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कॉलोनी वासियों को राजस्थान सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं जैसे उज्जवला योजना व बी पी एल के तहत 500 रुपए में गैस सिलेंडर, चिरंजीवी योजना के तहत 25 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त , 1 अप्रेल से घरेलू उपभोक्ताओं की 100 यूनिट बिजली मुफ्त, किसानों को कृषि कनेक्शन पर 2000 यूनिट तक बिजली मुफ्त आदि योजनाओ की जानकारी दी और सभी कॉलोनी वासियों में कार्यकताओं से एक बार फिर से राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील की ।इस अवसर पर अलवर शहर अध्यक्ष जयदीप आर्यन, उपाध्यक्ष सतीश भाटिया, वरिष्ठ कांग्रेसी शादी खान , प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ,प्रवक्ता शैलेन्द्र अवस्थी, महासचिव साजिद अनवर, सोशल मीडिया प्रभारी राजेश विरमानी, पर्यावरण प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष के के खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष राजेश सैनी, सूबेसिंह यादव , राजू सैनी, धारा सिंह, मौलवी अमजद खान, हाजी सुभान, जुहेद खान, अयूब खान हनीफ खान, हसमल, सिरदार, निजरू, रहीम, बरकत हुसैन, नियाज, सत्यवीर यादव एवं कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### अलवर सांसद महंत बालक नाथ योगी के द्वारा हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर दी शुभकामनाएं

#### सभी लोकसभा वासियों से हिंदू नव वर्ष को विधि विधान से मनाने का आग्रह किया गया

गरीबों का सितारा



**युवराज शर्मा, अलवर ।** उन्होंने कहा कि आज जबकि संपूर्ण विश्व, भारतीय प्राचीन परंपराओं और संस्कृति का अनुसरण कर रहा है, ऐसे समय में हम सभी को हमारी संस्कृति का महत्व समझते हुए इसके अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने युवा पीढ़ी से विशेष आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर 2080 के शुभ अवसर पर हम सभी को अपने घरों पर धर्म ध्वजा लहराते हुए, अपने इष्ट व गुरुजनों का पूजन करना चाहिए, साथ ही सामूहिक रूप से महाआरती का आयोजन करते हुए सकल विश्व जगत के कल्याण की कामना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नव संवत्सर हमें नई ऊर्जा और नई चेतना प्रदान करता है। यह हमारे जीवन में शुभता और कल्याण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को भारतीय पंचांग से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों का अध्ययन करना चाहिए और इसकी विशेषताओं को समझने का प्रयास करना चाहिए। यह वैज्ञानिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक, धार्मिक व सामाजिक महत्व है। हमारे ऋषि-मुनियों ने गणित व वैज्ञानिक आधार पर विश्व को सबसे पहले विक्रम संवत के रूप में समृद्ध पंचांग देते हुए दुनिया को खगोल विज्ञान का महत्व समझाया था, जिसका आकलन आज भी सटीक और सबसे विश्वसनीय हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को पुनः विश्व गुरु पद पर विभूषित करने के लिए , आधुनिक विषयों के साथ ही हमारी सनातन संस्कृति और परंपराओं को मजबूत बनाने का प्रयास करना चाहिए, जिनका उद्देश्य सदैव मानव जीव कल्याण रहा है।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन ने महेश चन्द मीना (खोहरा चौहान) को बनाया राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव

*मीना के अति सराहनीय कार्य से प्रभावित होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा अलवर जिला संयुक्त सचिव के साथ ही राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी भी सौपी*

गरीबों के सितारा




**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र के गांव खोहरा चौहान निवासी महेश चन्द मीना को मंगलवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना के द्वारा अलवर जिला संयुक्त सचिव के साथ साथ राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव पद की जिम्मेदारी भी सौपी गई है क्योंकि अलवर जिला संयुक्त सचिव मीना का संगठन विस्तार मे एवं आमजन के हित मे काम करने का बहुत ही सराहनीय योगदान रहा है इसलिए संगठन के राष्ट्रीय स्तर के सभी पदाधिकारी महेश चन्द मीना खोहरा चौहान के काम से प्रभावित हुए और सभी राज्य स्तरीय तथा राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियो ने महेश चन्द्र मीना को राज्य स्तरीय पद देने की सिफारिश राष्ट्रीय अध्यक्ष को की तो राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना ने सभी पदाधिकारियो की सिफारिश को ध्यान मे रखते हुए मंगलवार को अलवर जिला संयुक्त सचिव पद के साथ साथ दूसरी नई जिम्मेदारी राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव पद की दे दी गई है। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना ने मिडिया को बताया है कि हमारा यह संगठन पूरे भारत देश के सभी राज्यो मे बहुत तेजी से सक्रिय व लोकप्रिय होता ही जा रहा है और आमजन के हित मे भ्रष्टाचार के खिलाफ व महिला अत्याचार के खिलाफ और शोषण के विरूद्ध व बाल श्रम के खिलाफ लगातार परैवी कर रहा है , हमारे इस संगठन का मुख्य उद्देश्य है कि भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरो के खिलाफ जबरदस्त मुहिम चलाना है और महिलाओ के अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाना व भ्रष्टाचारियो का पदार्फाश करना है तथा पुलिस प्रशासन का भी अच्छा सहयोग करना है तथा आरटीआई एक्ट 2005 का उपयोग कर भ्रष्टाचार को भी उजागर करना है एवं अन्य दूसरे भी कई प्रकार भी काम जो आमजन के हित मे हो। यह संगठन भारत सरकार द्वारा रिकोग्नाइज्ड संगठन है और इस संगठन का रजिस्ट्रेशन नम्बर 26/2019 है , यह संगठन बहुत ही तीव्र गति से पूरे भारत देश मे सभी जगह अनवरत रूप से विस्तार कर रहा है। यह नियुक्ति अलवर जिला संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना को राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियो की सिफारिश के आधार पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना के द्वारा दी गई है। संगठन विस्तार की कडि मे ही राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से राष्ट्रीय स्तर के तथा राज्य स्तर के एवं जिला स्तर के पदाधिकारियो के द्वारा भी संगठन सदस्य बनाये जा रहे है जो कि पूरी तरह से निःशुल्क बनाये जा रहे है जैसा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार सभी संगठन सदस्य को निःशुल्क सदस्यता दी जाती है और सम्बन्धित पदाधिकारी द्वारा मनोनयन पत्र जारी कर दिया जाता है। इस संगठन मे संगठन सदस्य निःशुल्क सदस्य बनाये जाते है तथा संगठन सदस्य को पदाधिकारी द्वारा मनोनयन पत्र जारी किया जाता है। यह संगठन आमजन के हित मे सम्बन्धित जिम्मेदार उच्चाधिकारीगणो से सहयोग प्राप्त कर ही कामयाबी प्राप्त करने मे विश्वास रखता है। मिडिया को यह सारी जानकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना के द्वारा दी गई है।

# नववर्ष की पूर्व संध्या पर सुभाष उद्यान में हुआ दीपदान

## लोगों हर्षोल्लास के साथ महा आरती में हुए शामिल





गरीबो का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर जो राजस्थान में तिलपट्टी के नाम से लोकप्रिय है मंगलवार को नववर्ष की पूर्व संध्या पर सुभाष उद्यान में तलाब की पाल पर दीपदान का हुआ आयोजन जिसमे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोगो ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ सपरिवार सुभाष उधान तालाब की पाल पर आकर दीपदान में शामिल हुए साथ ही अपने परिवार की सुख सम्रद्धि हेतु समिति द्वारा दिया जाने वाला आटे का दीपक सरोवर में विसर्जित किया उक्त अवसर पर सुभाष उधान में छोटे बच्चों हेतु झूले, चकरी, चाट ,पकौड़ी इत्यादि की स्टाल लगवाई गई इससे उक्त स्थल पर मेले जैसा वातावरण परिलक्षित नजर आया । कई नन्हे मुन्ने बच्चे महापुरुषों की वेशभूषा में आए एवं लोगों के आकर्षण का केंद्र बिंदु बने कई महिलाए अपने घर से दीपक को सजाकर लाए साथ ही बहुसंख्यक लोग दीपदान में शामिल हुए तालाब की पाल स्थित हनुमानजी महाराज की सवालाख बत्तियों से महाआरती का आयोजन हुआ उक्त अवसर पर भव्य आतिशबाजी का भी आयोजन भी किया गया सभी आगंतुकों श्रीफल का प्रसाद वितरण किया गया नववर्ष की पूर्व संध्या पर भव्य दीपदान आयोजन करके लोग प्रफुल्लित हुए दीपदान में भाजपा देहात महिला मोर्चा की जिला मंत्री मंजू जागिड़, मंडल अध्यक्ष पुष्पा आसवानी, उर्मिला,रेखा शर्मा , तारा सोनी, संगीता रावत, लीला पटेल, राजेश्वरी यादव इत्यादि महिला विद्यमान रही।

### पूर्व चेयरमैन पेशवानी सहित का अजमेर जवाहर रंगमंच पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मान



**गुलाबपुरा/रामकिशन वैष्णव।** अजमेर जवाहर रंगमंच आयोजित कार्यक्रम में गुलाबपुरा पूर्व चेयरमैन सहित का सम्मान किया गया! अजमेर सिंधु-ज्योति सेवा समिति द्वारा जवाहर रंगमंच में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में स्थानीय पूर्व पालिकाध्यक्ष पार्षद चेतन पेशवानी, पूर्व पँचायत अध्यक्ष, पार्षद गोपेश मैठाणी, समाजसेवी दुल्हनदास जेसवानी का सम्मान किया गया! इस दौरान सिंधु ज्योति सेवा समिति के पदाधिकारी एवं सिंधी समाज के गणमान्यजन मौजूद थे।

### नाबालिग लड़की के साथ हुआ गेंग रेप, रात में विभिन्न जगहों पर ले जा कर किया दुष्कर्म

#### विद्यालय में ही घायल अवस्था में बांधकर छोडा था

गरीबो का सितारा




**रायला/ मुकेश जाट।** थाना क्षेत्र में 10 वी कक्षा की एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण कर रात भर अलग अलग लड़को ने अलग अलग जगहों पर ले जाकर दुष्कर्म किया तथा आरोपियों ने बागा का खेड़ा में स्थित एक राजकीय विद्यालय में ले जाकर घायल अवस्था में विद्यालय के बाथरूम के गेट पर लड़की को बांधकर छोड़ भाग गए। वही रात भर परिजन लड़की को आस पास में ढूंढते रहे और विभिन्न आरोपी अलग-अलग जगह पर ले जाकर दुष्कर्म करते रहे। रात का वक्त होने से नाबालिग सभी आरोपियों के चेहरे नही पहचान पा रही थी। पर जिनमें 2 आरोपियों के चेहरे पहंचाने है उनके नाम पिता को बता दिया । लड़की के पिता ने रायला पुलिस थाने में बालकिशन पुत्र रामलाल गुर्जर निवासी खालसु का खेड़ा , दिनेश नाथ पिता पन्ना नाथ देवासी बागा का खेड़ा के खिलाफ दुष्कर्म किए जाने की रिपोर्ट प्रस्तुत देकर दुष्कर्म के आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की गुहार की। रायला थाना पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज जांच कार्यवाही शुरू करते हुए आरोपियों की तलाश करते हुए 2 बलात्कार के आरोपी को डिटेंट कर लिया गया है ।रायला थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि रायला थाना क्षेत्र में पीड़ित के पिता ने 20 मार्च को रिपोर्ट देते हुए कहा कि 18 मार्च की रात को करीब साढ़े सात बजे नाबालिग लड़की घर से शौच करने के लिए गई थी तभी वापिस घर पर नहीं लौटी। जिसकी मैंने काफी तलाश की। सवेरे करीब 4 बजे फोन पर सूचना मिली कि लड़की को सरकारी स्कूल में बंधक बना रखा हैं । जैसे ही जानकारी मिली तो तुरंत पिता 4 व्यक्तियों को साथ लेकर बताए गए स्थान राजकीय विद्यालय बागा का खेड़ा मे पहुंचे। मौके पर पहुच देखा तो लड़की को सरकारी विद्यालय के बाथरूम के दरवाजे से बांध रखा था। घर पहुंचने पर पीड़ित ने आपबीती बताते हुए कहा कि लड़कों ने जबर्दस्ती मोटर साईकिल पर बिठा लिया नदी में ले गये मेरे मुहं में कपड़ा ठुस दिया फिर मुझे जान से मारने का प्रयास करते हुए डरा धमका कर इन लड़को ने खोटा काम किया तथा रात में बागा का खेड़ा सरकारी स्कूल में ले गए वहा लेजा कर फिर लड़कों ने दुष्कर्म किया। घायल अवस्था में ही बाथरूम के गेट पर बांध कर धमकी दे गए किसी को बात मत बताना वरना जान से मार देंगे। बालिका की गंभीर हालत देखकर परिजन घबरा गए। घायल अवस्था में विद्यालय के बाथरूम के गेट पर बंधी हुई बालिका को खोल कर घर ले आए। तथा परिजनों ने नाबालिक के मुंह से आपबीती घटना की जानकारी सुनकर सन्न रह गए। लड़की के पिता पुलिस को पुलिस को बालिका के साथ हुए दुष्कर्म की रिपोर्ट प्रस्तुत की ।रायला थाना पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना की जानकारी ऊपरी अधिकारियों को दे दी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस उप अधीक्षक गुलाबपुरा लोकेश मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल मिश्रा रायला थाने पहुंचकर घटना की जानकारी ली एवं आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस उप अधीक्षक गुलाबपुरा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद नाबालिक लड़की का मेडिकल करवाया गया तथा घटनास्थल की तस्दीक कराई गई एवं एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। बालिका की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। बलात्कार के दो आरोपी को डिटेन कर लिया गया है अन्य आरोपियों की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। इस दुष्कर्म की घटना से पीड़ित छात्रा दसवीं बोर्ड का एग्जाम भी नहीं दे पाई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल मिश्रा ने बताया कि अति शीघ्र ही अन्य दुष्कर्म के आरोपियों की तलाश जारी है। शीघ्र ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# अड़ियल रुख से खत्म नहीं होगा गतिरोध

संसद का गतिरोध जल्द से जल्द खत्म होना चाहिए। सरकार का प्रथम दायित्व है कि वह संसद का चलना सुनिश्चित करे। भाजपा व कांग्रेस के बीच अलग अलग मांगों को लेकर जारी सियासी रार का अंत निकट भविष्य में नहीं दिख रहा है, क्योंकि संसद में गतिरोध समाप्त करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष द्वारा बुलाई सर्वदलीय बैठक बेनतीजा रही और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की ओर से बुलाई गई बैठक में विपक्षी दल के नेता शामिल ही नहीं हुए। लोकसभा अध्यक्ष व राज्यसभा के सभापति की ओर से गतिरोध को खत्म करने के प्रयासों का विफल होना दर्शाता है कि न ही सत्ता पक्ष को और न ही विपक्ष को संसद के चलने की चिंता है, बस सभी दल को केवल और केवल अपनी राजनीति की चिंता है। लेकिन जो राजनीति संसद को न चलने दे, वह कदापि देशहित में नहीं हो सकती। बजट सत्र के दूसरे चरण में आम बजट पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए थी, लेकिन लगता है न सत्तापक्ष चाहता है कि बजट के गुणदोष पर बहस हो और न ही विपक्ष की रुचि इस बजट में है। शायद इसलिए भाजपा जहां राहुल गांधी से माफी मंगवाने पर अड़ी है और राहुल को 'मीर जाफर' कह रही है, वहीं कांग्रेस अडाणी मामले को लेकर अडिग है। आखिर, पक्ष व विपक्ष के अड़ने व अडिग रहने से कोई गतिरोध कैसे खत्म हो सकता है? संसद में जारी गतिरोध पर सरकार का किंकर्तव्यविमूढ़ जैसा बर्ताव करना अच्छा संकेत नहीं है। विदेश की धरती पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत के लोकतंत्र को लेकर जो कुछ भी कहा, वह सरासर असत्य है, भारतीय नागरिक अपना फैसला जरूर करेंगे, पर भाजपा का माफी मंगवाने की जिद को लेकर संसद में गतिरोध पैदा करना संसद के हित में तो नहीं है। इसी प्रकार हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर अडाणी मामले पर संबंधित एजेंसियां अपना काम कर रही हैं, जांच पूरी होने के बाद सच सामने आ ही जाएगा, इसके बावजूद कांग्रेस का इस मसले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग को लेकर संसद नहीं चलने देना भी संसदीय लोकतंत्र के हित में नहीं है। जिस कांग्रेस के नेता भारत में लोकतंत्र को लेकर सवाल उठाते हैं, उसी पार्टी के सांसद लोकतंत्र के मंदिर संसद को चलने ही नहीं दें, तो फिर वे लोकतंत्र की दुहाई कैसे दे रहे हैं? संसद में सभी विषयों पर चर्चा भी होनी चाहिए और विधायी काम भी होना चाहिए। सरकार वित्त विधेयक सहित सभी विषयों पर सदन में चर्चा कराने को तैयार है, तो विपक्ष को भी चर्चा में भाग लेना चाहिए और संसद में जारी गतिरोध को खत्म करने का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष पिछले सप्ताह से ही सदस्यों से अपील कर रहे हैं कि सदन की कार्यवाही चलने दी जाए, तो विपक्षी दलों- कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, राकांपा, वाईएसआर कांग्रेस, बीआरएस, बीजद, सपा, माकपा आदि को भी चाहिए कि संसद में चर्चा के अवसर का लाभ उठाकर अपनी बात कहें। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की ओर से मंगलवार को बुलाई गई बैठक का विपक्षी दलों द्वारा बहिष्कार किया जाना भी लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। विपक्ष का यह रवैया असंसदीय व अलोकतांत्रिक जैसा है। बजट सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च से शुरू हुआ है और यह छह अप्रैल तक चलना प्रस्तावित है। अड़ियल रुख से देश का भला नहीं होने वाला है। संसद चलने में ही देशहित है, सभी चलने दें।



जयंती विशेष
सुरेन्द्र शर्मा

# राष्ट्रवाद की गंगा के भगीरथ केशव

डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना उस समय की, जब सदियों की दासता के कारण देश के अंदर स्वाभिमान शून्यता की स्थिति थी। लोग कहते थे गधा कह लो पर हिंदू मत कहो, हिंदुओं का संगठन यह कदापि नहीं हो सकता, लोगों के मन में यह भ्रांति थी कि मेंढकों को तो तौला जा सकता है पर हिंदुओं को संगठित नहीं किया जा सकता चार हिंदू एक साथ तब चलते हैं जब पांचवा उनके कंधे पर। तो ऐसे नैराश्य के वातावरण जब लोग यह कहते थे भारत हिंदू राष्ट्र हो ही नहीं सकता, हिंदू राष्ट्र की कल्पना बेमानी है तब डॉक्टर हेडगेवार ने दृढ़तापूर्वक कहा, 'मैं केशव राव बलिराम पंत हेडगेवार यह घोषणा करता हूं कि भारत हिंदू राष्ट्र है'।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 2025 में अपने 100 वर्ष पूरे कर रहा है संघ भारतीय ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा गैर राजनैतिक संगठन है। आज भारत के 901 जिलों में 6663 खंडों में 26498 मंडल में 42613 स्थान पर संघ की 68651 शाखाएं लग रही हैं, 2017 से 2022 तक संघ से ऑनलाइन जुड़ने वाले लोगों की संख्या भी 7,25,000 है जो आरएसएस के प्रति लोगों के आकर्षण को दर्शाता है। आरएसएस का नाम आते ही लोगों के दिमाग में देश के लिये समर्पित, राष्ट्रभक्त उद्दात्त चरित्र वाले असंख्य लोगों के चेहरे ध्यान में आते हैं जिनके जीवन का एक ही ध्येय है भारत माता की जय और जो केवल एक ही धुन में मगन रहते हैं 'मन मस्त फकीरी धारी है अब एक ही धुन जय जय भारत' इस जय जय भारत की धुन को लेकर काम करने वाले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार की आज वर्ष प्रतिपदा के दिन जयंती है। डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना उस समय की, जब सदियों की दासता के कारण देश के अंदर स्वाभिमान शून्यता की स्थिति थी। लोग कहते थे गधा कह लो पर हिंदू मत कहो, हिंदुओं का संगठन यह कदापि नहीं हो सकता, लोगों के मन में यह भी भ्रांति थी कि मेंढ़कों को तो तौला जा सकता है पर हिंदुओं को संगठित नहीं किया जा सकता चार हिंदू एक साथ तब चलते हैं जब पांचवा उनके कंधे पर। तो ऐसे नैराश्य के वातावरण जब लोग यह कहते थे भारत हिंदू राष्ट्र हो ही नहीं सकता, हिंदू राष्ट्र की कल्पना बेमानी है तब डॉक्टर हेडगेवार ने दृढ़तापूर्वक कहा, 'मैं केशव राव बलिराम पंत हेडगेवार यह घोषणा करता हूं कि भारत हिंदू राष्ट्र है'।

1897 में स्वामी विवेकानंद ने भारत वासियों को तीन बातें कही थीं। पहली पश्चिम देशों से संगठन करना सीखना चाहिए, दूसरी हमें मनुष्य निर्माण करने की कोई पद्धति तंत्र विकसित करना चाहिए, तीसरे सभी भारत वासियों को आने वाले कुछ वर्षों के लिए अपने अपने देवी-देवताओं को एक ओर रखकर केवल एक ही देवता की आराधना करनी चाहिए और वह है अपनी भारत माता। संघ कार्य और संघ शाखा इन तीनों बातों का ही मूर्त रूप है, इस श्रेष्ठ कार्य का बीजारोपण करने वाले थे डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार, डॉक्टर हेडगेवार को जाने बिना संघ को समझना लगभग असंभव जैसा है।

डॉ हेडगेवार का जन्म 1 अप्रैल 1889 वर्ष प्रतिपदा के दिन महाराष्ट्र के नागपुर जिले में पंडित बलिराम हेडगेवार के घर हुआ था। इनकी माता का नाम रेवती बाई था माता-पिता ने पुत्र का नाम केशव रखा। पिता बलिराम हेडगेवार वेद शास्त्र के विद्वान थे एवं वैदिक कर्मकांड से परिवार का भरण पोषण चलाते थे।

परिवार के वातावरण तथा देश की परिस्थितियों का प्रभाव बालक केशव के मन पर अत्यधिक पड़ा, वह जन्मजात देशभक्त थे जब वह केवल 8 साल की उम्र के थे, तब उन्होंने विक्टोरिया रानी के ध्वजारोहण के हीरक महोत्सव के निमित्त विद्यालय में बांटी गई मिठाई को कूड़े में फेंक दिया उसके पश्चात जॉर्ज पंचम के भारत



आगमन पर सरकारी भवनों पर की गई रोशनी और आतिशबाजी देखने के लिए बालक केशव ने स्पष्ट तौर पर मना कर दिया। उस समय उनकी उम्र केवल 8 साल और 9 साल थी। यह दोनों घटनाएं डॉ हेडगेवार के जन्मजात देशभक्त होने का परिचय देते हैं।

बंग भंग विरोधी आंदोलन का दमन करने के लिए अंग्रेजों ने भारत में वंदे मातरम के उद्घोष पर पाबंदी लगा दी थी 1907 में इस पाबंदी की धज्जियां उड़ाने के लिए केशव ने प्रत्येक कक्षा में वंदे मातरम का उद्घोष करवा कर विद्यालय निरीक्षक का स्वागत करने की योजना बनाई थी। जैसे ही शिक्षा विभाग के निरीक्षक और स्कूल के मुख्य अध्यापक निरीक्षण करने दसवीं कक्षा में गए, सभी छात्रों ने ऊंची आवाज में आत्मविश्वास के साथ वंदे मातरम का उद्घोष किया। यही उद्घोष प्रत्येक कक्षा में लगे सारा विद्यालय वंदे मातरम से गूंज उठा, कौन नेता है? कहां योजना बनी? ऐसा कैसे हो गया?, निरीक्षक महोदय मुख्य अध्यापक तथा सरकारी गुप्तचर सर पटक कर रह गये किसी को कुछ पता नहीं चला जब सरकारी अधिकारी सभी छात्रों को शख्त से सख्त सजा देने की बात सोचने लगे, तो केशवराव ने सब को बचाने के लिए अपना नाम प्रकट कर दिया 'यह मैंने करवाया है, वंदे मातरम गाना हमारा अधिकार है, क्षमा नहीं मांगूंगा' यह कहने पर केशव राव को विद्यालय से निकाल दिया, इसके माध्यम से उन्होंने सबको अपनी निर्भरता देशभक्ति तथा संगठन कुशलता से परिचित कराया।

जैसे-जैसे समय बीतता गया बालक केशव के मन में जागृत हो रही स्वाधीनता की उत्कट भावनाएं भी प्रचंड गति से आगे बढ़ने लगे। नागपुर से थोड़ी दूर किला सीताबर्डी है। बाल केशव ने अपनी माता से सुना था कि यह किला कभी हिंदू राजाओं के अधिकार में था, पर आज उस पर अंग्रेजों का झंडा यूनियन जैक क्यों है? वहां तो हमारा भगवा ध्वज ही होना चाहिए। बाल केशव की मंडली ने किले को फतह करके यूनियन जैक को उखाड़ फेंकने की योजना बना डाली। किले तक सुरंग खोदकर वहां पहुंचना और किले के पहरेदारों के साथ युद्ध करके भगवा ध्वज फहराना। केशव और उनके साथी अपने अध्यापक बझे गुरु के घर में रहकर अध्ययन कार्य करते थे। सात आठ बालकों के नेता केशव ने बझे गुरु के घर के एक कमरे से सुरंग खोदना शुरू कर दिया एक रात फ़ावड़ा कुदाली बेलचा इत्यादि से खुदाई करने की आवाज गुरुजी ने सुन ली अंदर से बंद दरवाजे को धक्का देकर गुरुजी अंदर आये तो आश्चर्यचकित हो गये। बाल सेना किले पर चढ़ाई करने की तैयारी कर रही थी। गुरुजी ने सबको समझा कर शांत कर दिया पर उपरोक्त घटना से बाल केशव के संगठन कौशल टोली तैयार करने की क्षमता गुप्त रूप से कार्य करने का तरीका और देश के लिए कुछ कर गुजरने की निष्ठा का परिचय मिलता है। कुछ दिन के बाद बझे गुरु ने अपने एक साथी से कहा, 'यह बालक बड़ा होकर किसी शक्तिशाली हिंदू संगठन को जन्म देगा और ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध चल रही स्वाधीनता की मशाल को शतगुणित कर देगा'।

डॉक्टर हेडगेवार का सार्वजनिक जीवन राजनीतिक दृष्टिकोण दर्शन नीतियां तिलक-गांधी हिंसा-अहिंसा कांग्रेस- क्रांतिकारी आदि के आधार पर निर्धारित न होकर नेता व्यक्तित्व समाज से कहीं बड़ा महत्वपूर्ण स्वतंत्र प्राप्ति का मूल्य था। इसलिए 1921 में प्रांतीय कांग्रेस की बैठक में लोकनायक आने की अध्यक्षता में क्रांतिकारियों की निंदा का प्रस्ताव लेने का प्रयास हुआ तब डॉक्टर जी ने इसका विरोध करते हुए कहा आपको उनका मार्ग पसंद ना हो पर उनकी देशभक्ति पर संदेह नहीं करना चाहिए' यह कहकर उस प्रस्ताव को नहीं आने दिया और राजनीति की तस्वीर बदल दी।

लेखक प्रदेश कार्य समिति सदस्य, भाजपा मध्यप्रदेश हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा
डॉ विवेक आर्य




# समलैंगिक विवाह अधिकार और हमारी परंपरा

समलैंगिक विवाह को लेकर दायर की गईं याचिकाओं के जवाब में केंद्र सरकार ने दिल्ली हाई कोर्ट में अपना उत्तर दाखिल किया है। सरकार ने समलैंगिक विवाह की अनुमति दिए जाने का विरोध किया है। संविधान के अनुच्छेद 21 के प्रावधान के अनुसार समानता का सभी को मौलिक अधिकार है। इन याचिकाओं में हिंदू विवाह अधिनियम 1955, विशेष विवाह अधिनियम 1954 और विदेशी विवाह अधिनियम 1969 के तहत समलैंगिक विवाह को मान्यता देने की मांग की गई है। साथ ही समलैंगिक विवाह को मान्यता न देना मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 6 सितंबर 2018 को निर्णय सुनाते हुए समलैंगिकता को अपराध के दायरे से बाहर कर दिया था। इसी निर्णय को आधार बनाकर समलैंगिकता के पक्षधर अब समलैंगिक विवाह को मान्यता दिलवाना चाहते है। सरकार ने कहा है कि समलैंगिक जोड़ों के साथी के समान रहने और यौन संबंध बनाने की तुलना भारतीय पारिवारिक परम्परा से नहीं की जा सकती। केंद्र सरकार ने ये भी कहा कि न्यायिक हस्तक्षेप व्यक्तिगत क़ानूनों के नाजुक संतुलन को बर्बाद कर देगा। सरकार ने कहा कि समलैंगिक जोड़ों के पार्टनर की तरह रहने और यौन संबंध बनाने की तुलना भारतीय पारिवारिक इकाई से नहीं की जा सकती जिसमें एक जैविक पुरुष को पति, एक जैविक महिला को पत्नी और दोनों के बीच मिलन से उत्पन्न संतान की पूर्व कल्पना है। हलफ़नामे में कहा गया कि संसद ने देश में विवाह क़ानूनों को केवल एक पुरुष और एक महिला के मिलन को स्वीकार करने के लिए तैयार किया है। ये क़ानून विभिन्न धार्मिक समुदायों के रीति-रिवाजों से संबंधित व्यक्तिगत क़ानूनों/ संहिताबद्ध क़ानूनों से शासित हैं। इसमें किसी भी हस्तक्षेप से देश में व्यक्तिगत क़ानूनों के नाजुक संतुलन के साथ पूर्ण तबाही मच जाएगी। सरकार ने आगे कहा कि भारत में विवाह से ₹पवित्रता₹ जुड़ी हुई है और एक जैविक पुरुष और एक जैविक महिला के बीच का संबंध सदियों पुराने रीति-रिवाजों, प्रथाओं, सांस्कृतिक लोकाचार और सामाजिक मूल्यों पर निर्भर करता है। केंद्र सरकार ने इसे मौलिक अधिकार के तहत भी मान्य नहीं माना है।

भारतीय विवाह व्यवस्था कोई आज की व्यवस्था नहीं है। यह प्राचीन ऋषियों ने सामाजिक उन्नति को ध्यान में रखते हुए सृष्टि के आदिकाल में स्थापित की थीं। इसका उद्देश्य दो विपरीत लिंग के मेल से उत्तम संतान की उत्पत्ति कर समाज के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वाहन करना था। ऋषियों ने सामाजिक व्यवस्था के निर्माण के लिए ही पति-पत्नी, माता -पिता, पिता पुत्र, भाई बहन आदि सम्बन्ध बनाये। इससे परिवार और समाज में भावनात्मक लगाव उत्पन्न हुआ, सुख और शांति का वातावरण निर्मित हुआ और एक श्रेष्ठ मानवीय सभ्यता का आरम्भ हुआ। आदि काल में स्थापित यह व्यवस्था आज भी सुचारु रूप से चल रही है। यही इसके सार्थक, व्यवहारिक एवं सदा चलायमान रहने के उद्देश्य को सिद्ध करता है। सामाजिक व्यवस्था को सिद्ध करने के लिए विवाह व्यवस्था को स्थापित किया गया। विवाह एक सामाजिक अनुष्ठान है जो परिवार को संगठित करता है। सुख , शांति की समृद्धि करता हैं। अन्यथा व्यक्ति पशुओं के समान जीवन यापन करने लगें। विवाह का पवित्र उद्देश्य पुरुष और स्त्री अपने दम्पति बनकर वंश को आगे बढ़ाये और अपने [पितृऋण के दायित्व को पूर्ण करें।

वर्तमान में इस व्यवस्था को छिन्न भिन्न करने के कई प्रयास चल रहे है। समलैंगिक विवाह को मान्यता एक ऐसा ही प्रयास है। 2018 में समलैंगिक सम्बन्ध को मान्यता मिली। समलैंगिक विवाह के लिए प्रयास है। जो लोग स्वयं इस विकृत सोच के शिकार है। वही अपनी विकृत मानसिकता को पूरे समाज पर थोपकर उसे बर्बाद करना चाहते है। इसके प्रसार से न सामाजिक मर्यादाएं सुरक्षित रहेंगी, न पारिवारिक संबंधों की पवित्रता रहेंगी। न संस्थाएं शुद्ध-चरित्र रहेंगे। न संतान उच्च आचरणवान रह पाएंगे और न परिवारों का वातावरण निर्मल रहेगा। कितने ही समस्याएं और नये अपराध जन्म लेंगे। शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रोगों की वृद्धि होगी। मानव समाज के पतन की यह निम्नतम सीमा होगी। इस पतन के समर्थक लेखक, पत्रकार, अभिनेता, स्वयंभू बुद्धिजीवी, मानव अधिकार कार्यकर्ता ऋषियों की महान संस्कृति और उसके लाभों से परिचित नहीं हैं। इसलिए वैदिक मान्यताओं और परम्पराओं के विरोधी है। प्रकृति के शाश्वत नियमों के प्रतिकूल कोई भी कार्य सदा हानि करता है। यह अटल नियम है। समलैंगिक संबंधों से संतान उत्पन्न नहीं होगी। ऐसे में संतान के प्रबंध के लिए क्या किया जायेगा? इसका उत्तर किसी के पास नहीं है।

# देखे मुझमें कौन सा गुण है ?



संकलित
## दर्शन

किसी में दया, किसी में प्रेम, किसी में शौर्य, किसी में साहस, किसी में उत्साह आदि-आदि। इसके तहत मैंने दूसरों के गुण देखे और अपने भी। मुझमें कौन-सा गुण है? मैंने देखा कि मुझमें करुणा है, तो उस करुणा को बढ़ाते जाना है। अपनी छोटी करुणा से ईश्वर की बड़ी करुणा तक एक लाइन खींचें। इस बिंदु से उस पहाड़ तक जाना है। यह रेखा ही अपना मार्ग है। जैसे जैसे गुण बढ़ेगा, आपमें एकाग्रता आती जाएगी। किसी भी काम में चित्त की एकाग्रता आवश्यक है। चाहे व्यवहार हो या परमार्थ, चित्त की एकाग्रता के बिना उसमें सफलता मिलना कठिन है। परंतु यह सधे कैसे? बाहर का अपरंपार संसार, हमारे मन में भरा रहता है, उसे बंद किए बिना एकाग्रता सधना असंभव है। एकाग्रता केवल आसन जमाकर बैठने से प्राप्त नहीं हो सकती। हमारे व्यवहार को शुद्ध होना चाहिए। व्यवहार व्यक्तिगत लाभ के लिए, वासनातृप्ति के लिए अथवा भौतिक चीजों के लिए नहीं करना चाहिए। एकाग्रता के लिए ऐसी जीवनशुद्धि आवश्यक है। एकाग्रता में सहायक होती है जीवन की परिमितता यानी हमारा सब काम नपा-तुला होना चाहिए। गणित शास्त्र का यह नियम हमारी सभी क्रियाओं में आना चाहिए। आहार और निद्रा नपी-तुली होनी चाहिए। जीवन में नियमन और परिमितता लाएं। निंदा या स्तुति न सुनें। सदोष वस्तु तो दूर, निर्दोष वस्तु का भी आवश्यकता से अधिक सेवन न करें। फलाहार शुद्ध है, लेकिन उसका भी अधिक सेवन न करें। इंद्रियों को यह भय रहे कि हम अनियमितता बरतेंगे, तो भीतर का मालिक हमें सजा देगा।

# बांटने के लिए ईश्वर ने दिया है बहुत कुछ



संकलित
## प्रेरणा

एक बार गौतम बुद्ध एक गांव में धर्म सभा को संबोधित कर रहे थे। उसी गांव में सड़क के किनारे एक गरीब व्यक्ति बैठा रहता और धर्म सभा में आने-जाने वाले लोगों को ध्यान से देखता। उसे बड़ा आश्चर्य होता कि लोग अंदर तो बड़ा दुखी चेहरा लेकर जाते हैं, लेकिन जब वापस आते हैं तो बड़े प्रसन्न दिखाई देते हैं। उस गरीब को लगा कि क्यों न वह भी अपनी समस्या को बुद्ध के सामने रखे? मन में यह विचार लिए वह भी महात्मा बुद्ध के पास पहुंचा। लोग पंक्तिबद्ध खड़े होकर उन्हें अपनी समस्याएं बता रहे थे और वह मुस्कुराते हुए सबकी समस्याएं हल कर रहे थे। जब उसकी बारी आई तो उसने सबसे पहले महात्मा को प्रणाम किया और कहाः भगवन, इस गांव में लगभग सभी लोग खुश और समृद्ध हैं। फिर मैं ही क्यों गरीब हूं? इस पर बुद्ध मुस्कुराते हुए बोलेः तुम गरीब और निर्धन इसलिए हो, क्योंकि तुमने आज तक किसी को कुछ दिया ही नहीं। आश्चर्यचकित गरीब बोलाः भगवन, मेरे पास भला दूसरों को देने के लिए क्या होगा? मेरा तो स्वयं का गुजारा बहुत मुश्किल से हो पाता है। लोगों से भीख मांग कर अपना पेट भरता हूं। भगवान बुद्ध कुछ देर शांत रहे, फिर बोलेः तुम बड़े अज्ञानी हो। औरों के साथ बांटने के लिए ईश्वर ने तुम्हें बहुत कुछ दिया है। मुस्कुराहट दी है, जिससे तुम लोगों में आशा का संचार कर सकते हो। मुंह से दो मीठे शब्द बोल सकते हो। दोनों हाथ से लोगों की मदद कर सकते हो। ईश्वर ने जिसको ये तीन चीजें दी हैं वह कभी गरीब और निर्धन हो ही नहीं सकता।

## उगादि की पूर्व संध्या



बेंगलुरु के एक थोक बाजार में मंगलवार को उगादि त्योहार की पूर्व संध्या पर लोग फूल खरीदते हुए।

## आज की पाती

### आतंकवाद फिर सिर उठाने लगा

पंजाब में आतंकवाद फिर से सिर उठाने लगा है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी दी है कि आतंकवादियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा मानव बम तैयार किए जा रहे हैं। यह खुशी की बात है कि केंद्र सरकार और पंजाब सरकार, दोनों ही ऐसी खबरों के बाद सतर्क हो गए हैं तथा पुलिस ने कार्रवाई करके कुछ तत्त्वों को गिरफ्तार भी किया है। लेकिन मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। उसे भी जल्द से जल्द दबोचना होगा। बताया जाता है कि मुख्य आरोपी के पाकिस्तान स्थित आईएसआई से संपर्क बने हुए हैं। पाकिस्तान की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखनी होगी क्योंकि वह हमेशा से भारत में आतंकवादी भेजता रहा है। *–मयंक चक्रवर्ती, दुर्ग*

## ट्रेंड

### त्योहार के प्रति उत्साह



हमारे पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू द्वारा आयोजित उगादि मिलन समारोह में शामिल होकर खुशी हुई। मैं उन्हें दशकों से जानता हूं। मैंने संस्कृति के प्रति उनके जुनून और उस उत्साह को देखा है, जिसके साथ वह महत्वपूर्ण त्योहार मनाते हैं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### संयम और परिपक्वता



पंजाब सरकार की कार्रवाई ने दिखा दिया कि आम आदमी पार्टी कट्टर देशभक्त पार्टी है। देश के ख़िलाफ़ काम करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पंजाब के सीएम मान साहब को इतने संयम और परिपक्वता से काम करने पर बधाई।
-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### जान बचाने वाले को नमन



जान जोखिम में डालकर नेत्रहीन मां के 6 साल के बच्चे की जान बचाने वाले मयूर शेल्के को कोटि-कोटि नमन। रेलवे ने मयूर के लिए नकद पुरस्कार की घोषणा की और उन्होंने इसका आधा हिस्सा बच्चे की शिक्षा के लिए दान कर दिया।
-वीवीएल लक्ष्मण, क्रिकेटर

### जा तुझे माफ किया



जा, माफ कर दिया, मुझे अकेला छोड़कर चले जाने के लिए। मैं हमेशा तुम्हें लोगों की हंसी में ज़रूर ढूंढूंगा, लेकिन हर दिन, हर पल हमारी दोस्ती की कमी खलती रहेगी। अलविदा मेरे दोस्त सतीश कौशिक। तेरा मनपंसद गाना अटका हुआ है, तू भी क्या याद करेगा।
-अनुपम खेर, अभिनेता




## करंट अफेयर

# इमरान ने अदालत में अपनी हत्या की आशंका जताई



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने देश के मुख्य न्यायाधीश से उनके खिलाफ दर्ज मामलों में उन्हें वीडियो लिंक के जरिए अदालती कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देने का अनुरोध करते हुए दावा किया कि अगर वह अदालत में पेश होते हैं तो उनकी हत्या की जा सकती है। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बांदियाल को सोमवार को लिखे पत्र में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख ने अपने खिलाफ दर्ज मुकदमों को जोड़ने की भी गुजारिश की। खान ने सोमवार को देश के नाम दिए संबोधन में कहा, 'गत शनिवार को इस्लामाबाद में संघीय न्यायिक परिसर में हत्या का एक जाल बिछाया गया था जहां मुझे तोशाखाना उपहार मामले में सुनवाई में भाग लेना था। कुछ 20 नामालूम अफराद (अज्ञात लोग) मुझे मारने के लिए परिसर में मौजूद थे।' इन अज्ञात लोगों के संदर्भ में उनका इशारा खुफिया एजेंसियों के लोगों से था। उन्होंने एक वीडियो भी दिखायी जिसमें न्यायिक परिसर में सादे कपड़े में मौजूद कथित संदिग्ध प्लास्टिक की हथकड़ियां लिए हुए दिखायी दिए।

## ऑफ बीट

# अंतरिक्ष के कबाड़ आसमान को उजला बना सकते हैं



रात का आसमान बदल रहा है। न केवल भू-आधारित प्रकाश प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है, बल्कि पृथ्वी के चारों ओर कक्षा में उपग्रहों और अंतरिक्ष मलबे की बढ़ती संख्या भी रात के आकाश को प्रभावित कर रही है। पहले के शोध से पता चला था कि उपग्रह और अंतरिक्ष मलबे रात के आकाश की समग्र चमक को बढ़ा सकते हैं। कक्षा में उपग्रहों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। 2019 के बाद से, कक्षा में कार्यात्मक उपग्रहों की संख्या दोगुनी से अधिक बढ़कर लगभग 7,600 हो गई है। वृद्धि ज्यादातर स्पेसएक्स और अन्य कंपनियों द्वारा दुनिया भर में हाई-स्पीड इंटरनेट संचार प्रदान करने के लिए उपग्रहों के बड़े समूहों को लॉन्च करने के कारण हुई है। हमारा अनुमान है कि इस दशक के अंत तक पृथ्वी के चारों ओर कक्षा में 100,000 उपग्रह हो सकते हैं। इससे अंतरिक्ष मलबा उत्पन्न करने वाले टकरावों की संभावना बढ़ जाती है क्योंकि अंतरिक्ष नए उपग्रहों से भर जाता है। मलबे के अन्य स्रोतों में अंतरिक्ष युद्ध परीक्षणों में उपग्रहों का जानबूझकर विनाश शामिल है। उपग्रहों की बढ़ती संख्या और अंतरिक्ष मलबे पृथ्वी के रात के हिस्से की ओर अधिक सूर्य के प्रकाश को दर्शाते हैं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### मंयक मिश्रा बने सहायक प्रवर्तन अधिकारी तो पूरे गढ़ीसवाईराम कस्बे मे फैली प्रसन्नता की लहर

गरीबों का सितारा



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के गढ़ीसवाईराम निवासी मंयक मिश्रा पुत्र किशन स्वरूप मिश्रा का वित्त मंत्रालय (ईडी) मे सहायक प्रवर्तन अधिकारी (एईओ) के पद पर चयन होने से कस्बे वासियो मे खुशी की लहर छाई हुई है। मिश्रा का चयन होने पर कस्बे वासियो ने बधाईयां दी और उनका मूंह मीठा करवाया। उल्लेखनीय है कि मंयक मिश्रा का एसएससी सीजीएल परीक्षा 2021 पास करने पर उनका एसीस्टेन्ट ऑडिट ओफीसर के पद पर चयन हुआ तथा उसके बाद मैन्स परीक्षा 2022 मे आयोजित हुई जिसमे सफलता मिलने पर वित्त मंत्रालय मे सहायक प्रवर्तन अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। मंयक अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी माताजी एवं बडी बहन गुंजन मिश्रा को देते है। मिडिया को यह सारी जानकारी गढ़ीसवाईराम से राजेश राठौड के द्वारा दी गई है।

### विश्व जल दिवस को रैणी उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत-पाटन के जोहड में किया जाएगा श्रमदान

गरीबों का सितारा

**रैणी (अलवर), महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत-पाटन मे विश्व जल दिवस 22 मार्च 2023 को ब्लॉक स्तर पर जल संग्रहण / अमृत सरोवर का लोकार्पण एवं श्रमदान करने के लिए रैणी ब्लॉक स्तरीय सभी विभागो के सम्बन्धित जिम्मेदार उच्चाधिकारीगणो को उपस्थित रहना अनिवार्य है जो कि पाटन पंचायत मे बुधवार को 11 बजे कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दौरान स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना के द्वारा तथा स्थानीय प्रधान मीरा मांगेलाल मीना के द्वारा लोकार्पण किया जावेगा जिसमे रैणी उपखण्ड अधिकारी कार्यालय आदेश -408/21/3/2023 की अनुपालना मे रैणी बीडीओ कालूराम मीना तथा रैणी तहसीलदार सौरव सिंह गुर्जर एवं रैणी सीबीईओ व रैणी बीसीएमओ और रैणी सीडीपीओ तथा रैणी पीडब्लूडी सहायक अभियन्ता तथा रैणी एईएन पीएचईडी और रैणी एईएन जल ग्रहण विभाग एवं सहायक निदेशक कृषि रैणी व पशु चिकित्सालय अधिकारी रैणी सहित सम्बन्धित सभी का उपस्थित होना अनिवार्य के आदेश 21/3/2023 को रैणी बीडीओ कार्यालय को दिए गए है। ये आदेश रैणी उपखण्ड कार्यालय से ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के पत्रांक 126 दिनांक 17/3/2023 के द्वारा जारी निदेशों एवं जिला परिषद अलवर के पत्रांक 369--84 दिनांक 16/3/2023 के द्वारा जारी पत्र की अनुपालना मे राजीव गांधी जल संचय योजना के द्वितीय चरण मे चयनित ग्राम पंचायत-पाटन के जोहड पर दिनांक 22/3/2023 को 11 बजे विश्व जल दिवस के अवसर पर श्रमदान किया जावेगा इसलिए ही उपखण्ड कार्यालय से समस्त अधिकारियो की अनिवार्य रूप से उपस्थिति के लिए आदेश जारी किए गए है। मिडिया को यह सारी जानकारी स्थानीय पाटन सरपंच सरोज मीना के द्वारा दी गई है।

**ब्लॉक स्तरीय रैणी के सभी विभागो के सम्बन्धित जिम्मेदार उच्चाधिकारीगणो को उपस्थित रहना है अनिवार्य**

### पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग



गरीबों का सितारा

**भीलवाड़ा/ जयपुर।** संयुक्त पत्रकार संघर्ष मोर्चा राजस्थान के बैनर तले राजस्थान भर से आए पत्रकार बन्धुओं ने पत्रकार सुरक्षा कानून प्रदेश में लागू किए जाने को लेकर विधानसभा कूच किया। सुबह 11बजे पत्रकारों का जत्था पिंक सिटी प्रेस क्लब से पुलिस जाप्ते की सुरक्षा में विधानसभा के लिए रवाना हुई। जहां बेरिकेट्स लगाकर भारी पुलिस बल ने उन्हें रोक लिया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और सरकार के नुमाइंदों की ओर से बात नहीं बनने पर एक शिष्ट मंडल विधानसभा के लिए रवाना हुआ। राज्य सरकार की ओर से कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास को जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिष्टमंडल से वार्ता के चलते खाचरियावास स्वयं पत्रकारों के धरने स्थल पर पहुंचे और उन्होंने सभी पत्रकारों को आश्वास्त किया कि अशोक गहलोत स्वयं मीडिया फ्रैण्डली हैं और पत्रकारों की सुरक्षा कानून की मांग को प्रदेश में जल्दी अस्तित्व मे आ जाएंगी। आईएफडब्ल्यूजे के प्रदेशाध्यक्ष उपेंद्र सिंह राठौड़, पिंक सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुकेश मीणा ने कहा कि सरकार ने अपने घोषणापत्र में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने का वादा किया था, लेकिन पांचवां बजट पेश करने के बाद भी अब तक इसका प्रस्ताव सदन में नहीं रखा गया है। सरकार ने घोषणा करने के बाद अब वादाखिलाफी की है, पत्रकार इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस दौरान जयपुर के वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे।

**राजस्थान के पत्रकारों ने जयपुर में भरी हुंकार**

### 21 मार्च मंगलवार से आठवीं कक्षा की हुई परीक्षा प्रारम्भ

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा अर्थात कक्षा - 8 वी की परीक्षाऐ मंगलवार 21 मार्च 2023 से शुरू हो गई है और ये परीक्षाऐ दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित हुई । इसी सम्बन्ध मे रैणी उपखण्ड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय-टहटड़ा के प्राचार्य द्वारा मिडिया को बताया कि हमारे इस परीक्षा केन्द्र पर कुल 63 विधार्थी पंजीकृत है और सभी 63 विधार्थी परीक्षा मे उपस्थित होकर शान्तिपूर्ण अनुशासन मे रहते हुए परीक्षा दी गई । मिडिया को यह सारी जानकारी परीक्षा केन्द्र अधीक्षक टहटड़ा के द्वारा दी गई है।



# भाजपा नेत्री पर टिप्पणी करने पर आक्रोश महिलाओं ने जलाया बहरोड़ विधायक का पुतला








गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** कस्बे के उपखंड कार्यालय पर मंगलवार को एसडीएम सचिन यादव को भाजपा नेत्री शानू यादव के नेतृत्व में सैकड़ो महिलाओं द्वारा विधायक बलजीत यादव के द्वारा भाजपा नेत्री पर टिप्पणी करने के आरोप में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा व पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया गया। बीते दिन सोमवार को विधायक बलजीत यादव के द्वारा मिडवे में सार्वजनिक मंच पर कोड शब्दो मे भाजपा नेता व नेत्री के बारे में आपत्तिजनक शब्दो का प्रयोग किया गया था। जिसको लेकर मंगलवार को भाजपा नेत्री शानू यादव के नेतृत्व में सैकड़ो महिला व पुरुषों द्वारा उपखंड कार्यालय के सामने महिलाओं द्वारा प्रदर्शन कर विधायक बलजीत यादव के पुतले को जमकर चप्पल से मारकर जलाया गया। पुलिस थाने के सामने उपखंड कार्यालय के गेट पर लगे हुए विधायक के पोस्टर पर कालिख भी पोती गई। जिसके बाद मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम व थाना अधिकारी वीरेंद्र पाल विश्नोई को ज्ञापन सौंपा गया। गौरतलब है कि कोटपूतली-बहरोड को जिला बनाने की घोषणा के बाद विधायक स्वागत कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया था। जहां सैकड़ों की संख्या में लोगों को विधायक संबोधित कर रहे थे अपने कोड शब्दो के माध्यम से भाजपा नेत्री को आपत्तिजनक शब्दो का प्रयोग किया गया था। ज्ञापन के बाद विभिन्न पार्टियों व जनप्रतिनिधियों ने मांग करते हुए कहा कि शोशल मीडिया पर प्रभावी रोक लगाई जाए अन्यथा आने वाले चुनाव बहरोड़ में शांतिपूर्ण नही होंगे। इस दौरान पूर्व पार्षद महेंद्र सिंह यादव, बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव, जिला पार्षद सुनील प्रवक्ता, नगरपालिका पार्षद ओम यादव, पूर्व प्रधान रोहिताश्व यादव एडवोकेट, हितेंद्र यादव एडवोकेट सहित अन्य मौजूद रहे। पूर्व जिला पार्षद महेन्द्र सिंह यादव ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि विधायक के द्वारा सार्वजनिक मंच से किसी महिला के बारे में इस तरह के आपत्तिजनक शब्दो का प्रयोग करना बहुत ही निंदनीय है। एक जनप्रतिनिधि को शब्दों की मयार्दाओं की सीमा नही लांगनी चाहिए।

**महिलाओं ने विधायक के पोस्टर पर कालिख भी पोती**

### भाविप शाखा द्वारा अमावस्या पर चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किये गए



गरीबो का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय भारत विकास परिषद के स्थाई प्रकल्प पूर्णिमा अमावस्या, अमावस्या पर फल वितरण रेफरल चिकित्सालय में किया गया ! चेटीचंड महोत्सव के उपलक्ष में फल की व्यवस्था सिंधी समाज द्वारा की गई । फल वितरण प्रभारी ज्योति दिनवानी एवं सुनीता पंचारिया के सानिध्य में भारत विकास परिषद पूज्य सिंधी पंचायत सेवा समिति सिंधी नवयुवक मंडल एवं सिंधी महिला मंडल द्वारा भर्ती मरीजों एवं प्रसूताओं को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की इस अवसर पर भारत विकास परिषद के किशोर राजपाल, अध्यक्ष कन्हैया लाल सोनी, सेवा प्रमुख संपत व्यास, चेतन भूरानी, प्रेम चंद दिनवानी, रमेश सोनी, दिनेश राजपुरोहित, जीवत राम मेंठानी, हरीश गनवानी ,सुनील मेंठानी, उषा गनवानी, ज्योति तीर्थवानी, मीना मेठानी, ज्योति मेठानी, मुकेश तीर्थवानी, बंटी चांदवानी, कमलेश जेठवानी आदि ने फल वितरण में सहयोग किया।

### ब्लॉक स्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकताओं की आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित

गरीबो का सितारा



**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** हुरडा रा उ प्रा विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकताओं की आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रविंद्र प्रकाश जांगिड, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक संदर्भ व्यक्ति राम किशन कुमावत, देवेंद्र देव जोशी, व अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग ने की। अतिथियों ने मां शारदे के दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। प्रशिक्षण में ब्लॉक संदर्भ व्यक्ति पवन कुमार जोशी ने प्रशिक्षण की भूमिका महत्व प्रकार के बारे में जानकारी दी । मुख्य अतिथि रविंद्र प्रकाश जांगिड़ ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं से कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता स्थानीय परिवेश से जुड़े होने के कारण दिव्यांग बच्चों का चिन्हीकरण कर उनका जुड़ाव सुनिश्चित करें ।विशिष्ट अतिथि रामकिशन कुमावत ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं का शिक्षा में महत्व के बारे में जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि देवेंद्र देव जोशी ने दिव्यांगजन के लक्षणों के बारे में जानकारी दी। प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की जानकारी देते हुए दिव्यांग जनों के विभिन्न प्रकार के उदाहरण द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकताओं को बताया कि हम सब के प्रयासों से यह बच्चे उत्तरोत्तर प्रगति कर सकते हैं एवं समाज एवं देश में अपना नाम रोशन कर सकते है। विशेष शिक्षिका रेणू तिवारी ने दिव्यांगजन की श्रेणियो शारीरिक दिव्यांगता, बौद्धिक दिव्यांगता, मानसिक व्यवहार, बहू दिव्यांगता आदि के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण में ब्लॉक हुरडा से 79 आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने भाग लिया हैं। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक देवदत्त पारीक ने किया ' प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग ने अतिथियों का आभार प्रकट किया।

### हर्षोल्लास से मनाया त्रिवेणी कार्यक्रम





गरीबो का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजस्थान महिला कल्याण मंडल चाचियावास अजमेर द्वारा संचालित संजय इंक्लूसिव स्कूल में त्रिवेणी कार्यक्रम ह्ल वर्ल्ड डाउन सिंड्रोम डे, कक्षा 8वी बोर्ड परीक्षा छात्रो का सम्मान समारोह व समावेशी दिव्यांगजन संगठन का प्रशिक्षण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रणसिंह चीता (उपनिदेशक-शिक्षा) ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में शशिबाला सोलंकी(पूर्व सभापति),अनिल सिखवाल (पत्रकार) राजू भाई सेठिया (अध्यक्ष जैन लोकाशाह नवयुवक मंडल), ललित झंवर, रौनक श्रीश्रीमाल, राजेश्वरी देवी (आई. डीपीजी अध्यक्ष), अंजू देवी, अजित आईडीपीजी समन्वयक पुखराज माली की उपस्थिति रही कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गयी व सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया ! रणसिंह चीता ने संस्थागत जानकारी देते हुए बताया कि संस्था 21 प्रकार के दिव्यांगो के साथ काम करती है, उनमे से मंगलवार को हम वर्ल्ड डाउन सिंड्रोम डे मना रहे है, डाउन सिंड्रोम के विद्यालय में 12 छात्र है जिनकी पहचान छोटी आंखे मंगोलिज्म के रूप में की जाती है एवं इनकी शक्ल एक दूसरे से मिलती है जिसमे इनकी पहचान कर पाना बहुत ही मुश्किल होता है और यह 23वें गुणसूत्रीय विकार के कारण होता साथ ही महोदय ने बताया कि दिव्यांगो के अधिकारों की पैरवी करने के लिए ब्यावर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में 30 सम्मिलित दिव्यांगजन संगठन बनाये गए है जिसमे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, वार्ड पंच, सरपंच सहित अभिभावक होते है जिनका पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ हुआ है तथा साथ ही कक्षा 8वी बोर्ड परीक्षा 2023 में विद्यालय के 11 छात्र प्रविष्ट हो रहे है उनका अतिथियों द्वारा माला तिलक के साथ स्वागत किया गया एवं बोर्ड परीक्षा हेतु शुभाशीष दिया गया ! इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत डाउन सिन्ड्रोम के छात्रो द्वारा चित्रकला, कुर्सी रेस, डांस व फेशन वॉक प्रतियोगिता की गई जिसमे सभी बच्चो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को पारितोषिक दिया गया !श्रीमती सोलंकी, सिखवाल व भाई सेठिया ने विद्यालय के कार्यो की सराहना करते हुए ह्ल वर्ल्ड डाउन सिन्ड्रोम डेह्व की शुभकामनाये दी ! पुखराज माली ने उपस्थित सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जिसमे दिव्यांग बच्चों के मेडिकल, बस पास, पेंशन, रेल पास बनाने को लेकर जानकारी दी गयी साथ ही कार्यक्रम का संचालन सीताराम द्वारा किया गया।

### विधायक ने किया विकास कार्यों का किया शिलान्यास



गरीबों का सितारा

**महवा।** विधायक ओमप्रकाश हुडला ने मंगलवार को महवा विधानसभा क्षेत्र के गांव रामगढ़ की धरती पर 32 करोड़ के विकास कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास किया। जिसमे राजकीय आईटीआई कॉलेज महवा का शिलान्यास,रामगढ़ से सैनी मोहल्ला तक सड़क,रामगढ़ रोड से मम्मू के पेट्रोल पंप तक सड़क ,बैरवा भवन रामचंद्र के मकान से भांड बस्ती तक सड़क,रामखिलाडी के मकान होते हुए मोती नगर तक सड़क साथ ही विधायक मद द्वारा स्वीकृत 10 कक्षा कक्ष का निर्माण कार्य सहित कुल 32 करोड़ के विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया। उन्होंने कहा मंडावर के राजकीय कॉलेज का नाम राजस्थान के पहले मुख्यमंत्री टीकाराम पालीवाल के नाम करवाने के लिए और महवा के कन्या महाविधालय का नाम माता सावित्री बाई फुले के नाम पर करवाने के लिए सरकार से बातचीत चल रही हैं उन्होंने जल्द ही महवा से रामगढ़ की सड़क को 2 करोड़ की लागत से बनवाने और दोनों साइड में रोड लाईट लगवाने की,साथ ही राजपूत छात्रावास के लिए जाने वाली सड़क करनी सेना मार्ग रखने व पीली कोठी? से सारापाडा हनुमान मंदिर तक सड़क का नाम गुरु गोरखनाथ मार्ग रखने की घोषणा की। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई।।

## वेलकम आईटीआई में आयोजित हुआ विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं जांच शिविर

### समुदाय विकास कार्यक्रम के तहत शार्प एनजीओ आरपीजी फाउंडेशन, केईसी के तत्वाधान में हुआ

गरीबों का सितारा

**हाथोज।** समुदाय विकास कार्यक्रम के तहत शार्प एनजीओ आरपीजी फाउंडेशन, केईसी के द्वारा आज वेलकम आईटीआई कॉलेज हाथोज में निशुल्क नेत्र कैंप का आयोजन हुआ। संस्था प्रभारी भागीरथ चौधरी ने बताया कि मंगलवार को कॉलेज में विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से निःशुल्क नेत्र कैंप आयोजित हुआ। इसमें आसपास के क्षेत्र के सभी लोगों ने निशुल्क नेत्र कैंप में भाग लिया तथा अपनी आंखों की जांच करवाई। कार्यक्रम आयोजनकर्ता सुनील चौधरी ने बताया कि शार्प एनजीओ के द्वारा आज वेलकम आईटीआई कॉलेज में आयोजित आज इस नेत्र कैंप में 350 से ज्यादा लोगों की आंखों की जांच की गई जिसमें करीब 200 से



ज्यादा लोगों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। सुनील चौधरी ने बताया कि आंखों को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन सी, ई आदि को प्रचुर मात्रा में लेना चाहिए तथा आधुनिक जीवन में युवाओं के साथ-साथ बड़े बुजुर्गों की भी बढ़ती फोन की आदत और सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय देने से भी आंखें खराब हो रही है आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ आंखें बनाए रखने के लिए हमें फोन का इस्तेमाल कम करना होगा सुनील चौधरी ने बताया कि आज निःशुल्क नेत्र कैंप में अनुभवी डॉ. रावत ऑप्टिकलस ने अपनी सेवाएं दी। इसमें ऑप्टोमेट्रिस्ट राकेश के नेतृत्व में ऑप्टोमेट्रिस्ट अरुण मिश्रा और शिवराज ने अपनी सेवाएं दी शिविर में बुजुर्ग महिलाएं पुरुष और बच्चों ने अपनी आंखों का चेकअप कराया हॉस्पिटल टीम ने संस्थान के मैनेजमेंट की प्रशंसा की। कार्यक्रम में संस्था प्रधानाचार्य नवरतन यादव, डॉक्टर पिंटू दांतेल, हेतराम चौधरी ओमप्रकाश नेण, रवि चौधरी, सुरेश स्वामी, रमेश चौधरी,राजेश यादव, श्रवण यादव, हनुमान चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# भारतीय संगीत सदन के सभागार में हुई गणगौर प्रतियोगिता




गरीबो का सितारा

**कुचामन सिटी।** भारतीय संगीत सदन के सभागार में कुचामन नगर की सुंदरतम सजीधजी युवती के रूप गणगौर 2023 का चयन किया गया ' देर रात तक चले श्रृंगार पर्व के मंच पर इसके साथ कुंवारी लड़कियों, युगल दंपति और सुहागिन महलाओ के बीच हुई चयन प्रतियोगिता के निर्णायको ने श्रीमती तारा शर्मा को गणगौर 2023 के रूप में चयन कर सिर पर विजेता ताज, विजय पट्टिका, विजेता ट्राफी प्रमाणपत्र और 3100 रुपया नकद पुरस्कार से नवाजा गया। संस्था अध्यक्ष नटवरलाल वक्ता ने जानकारी दी कि गणगौर उपविजेता रही रिया बियानी और तीसरे स्थान पर भारती सर्राफ रही जिनको नकद पुरस्कार एवम ट्रॉफी दी गई। कार्यक्रम की सदारत संजीव सिंह राजश्री रूनीजा ओर मुख्य अतिथि अनिल , रेखा



शर्मा धोलिका थे जिन्होंने देव पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया , गणेश वंदना विनोद आचार्य ने और गणगौर गीत की प्रस्तुति मंजू कविया ने की । मंचस्थ सस्था उपाध्यक्ष घनश्याम गोड,शिवकुमार अग्रवाल, कृष्णा मंत्री, मिंटू गौड़ और ज्योति मोर ने अतिथियों का स्वागत किया । महिलाओ के गायन और नृत्य के बाद 16 वर्ष से ऊपर की कुंवारी लड़कियों की गवरी का चयन हुवा जिसमे पलक गट्टानी प्रथम रही जिसे विजई ताज, पट्टिका और ट्रॉफी तथा गुंजन अग्रवाल द्वितीय और हर्षिता करवा तृतीय रही जिन्हे नकद पुरस्कार एवम ट्रॉफी प्रदान की गई । युगल दंपति की ईशर गणगौर प्रतियोगिता में विशाल रिया बियानी प्रथम, सूरज प्रियंका माहेश्वरी द्वितीय एवम तृतीय स्थान पर डाक्टर हरीश मनु कुमावत रहे जिन्हे नकद राशि और ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया । सभागार में प्रथम आगमन करने वाली पांच महिलाओं में गंगा अग्रवाल, राजकुमारी मोदी, दीपिका मिठड़ी वाला, मंजू करवा और इंदू सेन थी जिन्हे एक एक चांदी का सिक्का दिया गया। पूरे भरे सभागार में नगर परिषद के उपाध्यक्ष हेमराज चावला, बंसीलाल कंसोटिया, भंवरलाल पारीक, सत्यनारायण मोर, रमेश चावला, मुरारी गौड़, मोहनलाल सोनी, रवि करनवाल, कमल इंदौरिया, प्रकाश दाधीच,महेश, गिरिराज खंरीट, सुरेश गौड़, लुकुट गौड़, रामनिवास कुमावत, निर्मला गौड़, हेमा गट्टानी अनेक महिलाए उपस्थित थी। संगीत संगत में भानु ओडिच, प्रदीप आचार्य, गणेश दमामी, गोपाल गंधर्व और रहीश थे । निर्णायक वर्ग में वाइस प्रिंसिपल लक्ष्मण शर्मा, दिलीप सिंह शेखावत और रितु दिनेश माथुर थी तो कार्यक्रम का संचालन सत्यप्रकाश सत्य ने किया।

# आमजन के कल्याण के लिए संवेदनशील है कांग्रेस सरकार : पूर्व मंत्री बेनीवाल

## बेनीवाल ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत आधा दर्जन गांवो का किया दौरा

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/लूणकरणसर बीकानेर।** लूणकरणसर 21 मार्च ।राज्य की कांग्रेस सरकार आमजन के कल्याण के लिए पूर्णतः संवेदनशील है. मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सर्वांगीण विकास की सोच के चलते गांव ढाणी में शिक्षा सड़क पेयजल एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं में विस्तार हुआ है. यह बात मंगलवार को पूर्व मंत्री वीरेंद्र बेनीवाल ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत करनाली अजीतमाना लखावर शुभलाई मुसलकी बिझरवाली व मकड़ासर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही. पूर्व मंत्री वीरेंद्र बेनीवाल ने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है और जब जब कांग्रेस सत्ता में रही है तब तब अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति के कल्याण पर काम हुआ है वर्तमान में भी राजस्थान में कांग्रेस सरकार ऐसा ही काम कर रही है.उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आवश्यकता है सही को पहचानने और सत्य की राह पर चलने की। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोविंदराम गोदारा ने कहा कि पूर्व मंत्री वीरेंद्र बेनीवाल ने विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में आधारभूत ढांचागत विकास करवाने और विशेष रूप से शिक्षा की सुविधाओं में विस्तार करवाने पर काम किया है. आज हर ग्राम पंचायत स्तर पर चिकित्सा शिक्षा एवं पेयजल तथा सड़क संबंधी सुविधाएं ग्रामीणों




के लिए उपलब्ध है.बीकानेर सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष राजाराम झोरड़ ने कहा कि अब हर गांव के विकास के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा. उन्होंने वर्तमान कांग्रेस शासन में पूर्व मंत्री वीरेंद्र बेनीवाल द्वारा लूणकरनसर विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत कराए गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के दौरान पूर्व उपप्रधान गफूर खां सरपंच मानसिंह बीका पूर्व सरपंच केसराराम नायक, शंकरलाल शर्मा आसीदेवी जांगू रेवन्तराम गोदारा पंचायत समिति सदस्य ओमप्रकाश गोदारा सरपंच प्रतिनिधि पतराम मान पूर्व सरपंच प्रभुराम जांगु ओम सायच राजाराम जांगु पूर्व पूर्व सरपंच प्रभुराम मेघवाल गुलाम कादर सन्तराम सारण पूर्व उप सरपंच सहीराम मान जेठाराम मान पूर्व सरपंच रेखाराम मेघवाल गजानन्द शर्मा धीरज कुम्हार देवीलाल गोदारा कानसिंह जुगलसिंह सहित कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# राजारामपुरा में किसानों के घर ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लेने पहुंचे डागर

## किसानों की सुनी पीड़ा अधिकारियों को दुरभाष पर कराया अवगत

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** आमेर तहसील के ग्राम राजारामपुरा में चौपडो की ढाणी, दुनो की ढाणी में भारी बारिश और ओलावृष्टि से हुए अन्नदाताओ के नुकसान का जायजा लेने उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर किसानों के घर पहुंचकर नुकसान की ली जानकारी। डागर ने दुरभाष के माध्यम से कृषि अधिकारीयों को किसानों के हुए नुकसान को अवगत करवाकर उचित मुआवजे की रखी मांग। किसान गौपाल लाल



चौपड़ा ने बताया कि मेरी ओलावृष्टि, बारिश के कारण 10 फीट उची दिवार टुटकर पशुओं पर गिर गयी जिससे 6 दुधारू पशुओं की मौत हो गई। डागर ने किसानों को मुआवजा दिलवाने को लेकर किया आश्वस्त आपको बता दें कि ओलावृष्टि इतनी तेज थी की 24 घंटे बाद भी ओले के छोटे टुकड़े खेतों में जमे हुए दिखे। इस अवसर पर किसान चौथुराम जाट, गोपीराम चौधरी, रामकिशोर दुन, मालीराम दुन, हरफुल चौधरी, रामलाल, रामसिंह चौधरी मौजूद थे।

# वीर सावरकर संस्थान द्वारा 11,000 दीप प्रज्वलित




गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की पूर्व संध्या पर सूरसागर पर वीर सावरकर संस्थान द्वारा 11,000 दीप प्रज्वलित कर बीकानेर सहित पूरे देश की सुख शांति की प्रार्थना की गई । वीर सावरकर संस्था के उम्मेद सिंह राजपुरोहित ने बताया की इस अवसर पर शिवबाड़ी मठ के महंत श्री विमर्शानंद जी द्वारा आरती की गई कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संचालक श्री टेकचंद जी बरडिया, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष डॉक्टर सत्यप्रकाश आचार्य, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह, भाजपा जिला महामंत्री मोहन सुराणा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट अशोक प्रजापत, दिग्विजय सिंह,अजय खत्री, समुंदर सिंह राठौड़, प्रदीप रावत,संजय गुप्ता, धनराज सुथार, ज्ञान चंद यादव,दुष्यंत चौहान,माल चंद जोशी सहित सैकड़ों गणमान्य पुरुष एवं महिलाए उपस्थित रही। उपस्थित सभी ने एक स्वर में देश की सुख शांति के लिए मां भगवती से प्रार्थना की।

# गणगौर उत्सव के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** गणगौर उत्सव के लिए जयपुर विश्वभर में विख्यात है। उत्सव के तहत 24 मार्च को गणगौर की सवारी एवं 25 मार्च को बूढ़ी गणगौर की सवारी शाम 6 बजे जनानी डयोढ़ी सिटी पैलेस से रवाना होकर त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार होती हुई पालका बाग पहुंचेगी। जिला कलक्टर श्री प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि गणगौरी की सवारी को देखने के लिए देश-विदेश से सैलानी जयपुर पहुंचते हैं। अतः दर्शकों की सुरक्षा एवं उत्सव में जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आयुक्त नगर निगम हैरिटेज को सवारी मार्ग पर सफाई, रोशनी की व्यवस्था, पर्यटकों के बैठने की व्यवस्था, अग्निशमन वाहन मय आवश्यक उपकरण एवं स्टाफ तैनात करवाये जाने के निर्देश दिये गए हैं। पुलिस उपायुक्त, जयपुर उत्तर को सवारी के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द, सुरक्षा, कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए हैं, वहीं, पुलिस उपायुक्त, जयपुर यातायात को सवारी के दौरान यातायात की माकूल व्यवस्था करने एवं समुचित मात्रा में यातायात पुलिसकर्मियों को तैनात करने का निर्देश दिये हैं। पर्यटन विभाग के अधिकारियों को विदेशी पर्यटकों को बैठाये जाने की व्यवस्था करने, नगर निगम व सार्वजनिक विभाग से समन्वय रखते हुए सवारी के मार्ग में बेरिकेटिंग करवाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं। वहीं, अधीक्षण अभियंता, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जयपुर को सवारी मार्ग में विद्युत तारों को दुरुस्त करवाने के निर्देश दिये हैं।

# आमेर में नवरात्र मेले में व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

**जयपुर।** शिलामाता मंदिर, आमेर जयपुर शहर में आगामी 22 मार्च से 30 मार्च 2023 तक चैत्र नवरात्र मेले का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आमेर महल परिसर स्थित शिलामाता मंदिर में स्थानीय श्रद्धालुगण एवं देश विदेश के पर्यटक बड़ी तादाद में आने की संभावना है। जिसे देखते हुए मेले के दौरान सुरक्षा सहित अन्य जरूरी इंतजाम के लिए जिला कलक्टर श्री प्रकाश राजपुरोहित ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है। पुलिस उपायुक्त, जयपुर उत्तर को मंदिर परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों में समुचित पुलिस व्यवस्था एवं सतत निगरानी व्यवस्था करने के लिए मंदिर परिसर में ही कन्ट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिये गए हैं। वहीं, पुलिस उपायुक्त, जयपुर यातायात को आमेर में यातायात की माकूल व्यवस्था करने एवं समुचित मात्रा में यातायात पुलिसकर्मियों को तैनात करने का निर्देश दिये हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम/द्वितीय को मेले के दौरान मंदिर परिसर में चिकित्सक मय पैरा मेडिकल स्टाफ की दो पारियों में ड्यूटी लगाने, एंबुलेंस वाहन मय चिकित्सकीय स्टाफ तैनात करने के निर्देश दिये गए हैं। अधीक्षण अभियंता, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को बिजली की निर्बाध आपूर्ति एवं अधीक्षण अभियंता, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिये गए हैं। साथ ही, उपनियंत्रक, नागरिक सुरक्षा, जयपुर को मेले के दौरान संबंधित विभागों से समन्वय रखते हुए जरूरी व्यवस्थाएं एवं सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए हैं। उपखण्ड अधिकारी,आमेर को मेले के दौरान समस्त व्यवस्थाओं के लिए समग्र प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# रेलवे सुरक्षा बल द्वारा फरवरी माह में यात्री सुरक्षा के लिये किये गये उत्कृष्ट कार्य

## फरवरी माह में 39 महिलाओ व बच्चों को परिजनों/एनजीओं/पुलिस तक पहुंचाया

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रेलवे संपत्ति और यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी 24 7 तत्पर है। उत्तर पश्चिम रेलवे प्रशासन द्वारा रेल सम्पत्ति एवं रेल यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये विशेष अभियान चलाये जा रहे है। जिसमें फरवरी माह में 39 महिलाओं/बाच्चों को परिजनों/एनजीओ/पुलिस तक पहुंचा कर सःकुशल सुपुर्द किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे पर रेल सुरक्षा बल द्वारा रेलवे परिसर में विशेष अभियान चलाकर रेल सम्पत्ति, रेल यात्रियों एवं रेलकर्मियों की सुरक्षा के विशेष प्रबन्ध किये गये है। इसके साथ ही रेल सुरक्षा बल द्वारा यात्री मित्र बूथ का संचालन भी किया जा रहा है, जो जरूरतमंद यात्रियों को वांछित जानकारी उपलब्ध करा रहा है। फरवरी माह के दौरान रेलवे सुरक्षा बल द्वारा 897 यात्रियों को यात्री मित्र बूथ के माध्यम से सहायता प्रदान की गई, 10 यात्रियों को व्हील चेयर की सुविधा प्रदान की गई एवं 07 बीमार यात्रियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई गई। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा फरवरी माह के दौरान अभियान चलाकर रेल सम्पति (अवैध कब्जा) अधिनियम के तहत कुल 11 मामले पंजीकृत हुए, जिनमें 17 बाहरी व्यक्तियों के खिलाफ मामले दर्ज किये गये है तथा बरामद सम्पत्ति का मूल्य रू. 33,830 है। इसके साथ ही रेल अधिनियम के तहत अभियान चलाकर कुल 2055 व्यक्तियों को विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत मामले दर्ज कर अभियोजित किया गया, जिनसे 2,58,785 रू जुमार्ना राशि वसूल की गई। इसके अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बल द्वारा फरवरी माह में गाड़ियों व रेल परिसर में छूटे गये सामान के 108 मामलों में लोगों को सामान सुपुर्द किया गया। इसके साथ ही रेलवे सुरक्षा बल द्वारा यात्रियों के सामान के 14 मामलों में लोगों को पकड़कर जीआरपी/पुलिस को सुपुर्द किया। महाप्रबन्धक उत्तर पश्चिम रेलवे श्री विजय शर्मा के कुशल दिशा-निदेर्शानुसार रेलवे स्टेषनों एवं रेल सम्पत्ति की सुरक्षा के लिये रेल सुरक्षा बल द्वारा निरन्तर विशेष अभियान चलाये जा रहे है। जिसमें रेलवे परिक्षेत्र में होने वाली गैर-कानूनी घटनाओं में निरन्तर कमी आ रही है।



# प्रदेशवासियों को चेयरमैन मनोज शर्मा द्वारा चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** न्यू आदर्श ग्रुप ऑफ स्कूल्स एवं कॉलेज के चेयरमैन मनोज शर्मा ने प्रदेशवासियों को 22 मार्च से शुरू होने जा रहे चैत्र नवरात्रि की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी और प्रदेश सुख शांति समृद्धि की कामना की। मनोज शर्मा ने बताया कि नवरात्रि की विशेष धार्मिक मान्यता है प्रतिवर्ष चार नवरात्रि पडते हैं जिनमें से एक चैत्र नवरात्रि जल्द का विशेष महत्व है हिन्दू मान्यता के अनुसार इस दिन को नववर्ष माना जाता है चैत्र नवरात्रि की शुरूआत चैत्र माह की प्रतिपदा तिथि से होती है नवरात्रि के दौरान पूरे विधि-विधान से मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है मान्यतानुसार जो भक्त मां दुर्गा की आराधना करते हैं उन्हें मां दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है। और मां दुर्गा उनके सभी कष्टों को हर लेती हैं. नवरात्रि की शुरूआत में घटस्थापना की जाती है और अष्टमी अथवा नवमी तिथि पर पूजा का समापन होता है।



# पेयजल लाइनों में आधा दर्जन लीकेज रोजाना हजारों लीटर व्यर्थ बह रहा पानी



गरीबों का सितारा

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस नगर पालिका क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पेयजल लाइनों मे हो रहे आधा दर्जन लीकेजों से रोजाना हजारों लीटर पेयजल व्यर्थ बह रहा है गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल के लिए कस्बे में मारामारी हो रही है वहीं कस्बे के भैरुजी मंदिर से मठ मंदिर जाने वाली सड़क पर राइजिंग लाइन में दो लीकेज, वार्ड संख्या 6 व टीलाका वाली ढाणी में हो रहे लीकेज से रोजाना हजारों लीटर पेयजल व्यर्थ बह रहा है। जिस को रोकने के लिए जलदाय विभाग के पास संसाधन भी उपलब्ध नहीं है। विभाग की सहायक अभियंता कविता चौधरी का कहना है कि लीकेज दुरुस्त करवाने के लिए नीमकाथाना डिवीजन कार्यालय से सामान मंगवाया गया है जो आने पर जल्द ही लीकेज ठीक करवाएं जाएंगे।

# श्री जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर संभाग के प्रतिष्ठित महाविद्यालय श्री जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के आदेशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर महाविद्यालय द्वारा गोद ली गई दो बस्तियों गोपेश्वर और खेतेश्वर में दिनांक 21 मार्च 2023 से दिनांक 27 मार्च 2023 तक लगेगा। इस शिविर का उद्घाटन महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के उप कुलसचिव डॉ बिठ्ठल बिस्सा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ शिवराम सिंह झाझडिया के द्वारा की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेंद्र चौधरी द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। डॉ विठ्ठल बिस्सा ने अपने उद्बोधन में कोविड-19 के 2 वर्षों में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा दी गई सेवाओं को उद्धृत करते हुए बताया कि छात्रों को अपना सर्वांगीण विकास करने के लिए एनएसएस- की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री मनोज बांठिया ने छात्रों में श्रमदान के महत्व को समझाया। सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ सुशील दया ने बताया कि शिविर में वृक्षारोपण, आर्थिक सर्वेक्षण, बस्तियों में किए जाने वाले सफाई संबंधी कार्यक्रम आदि होंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ राजेश रांकावत ने युवा शक्ति को आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से हम समाज के निचले तबके से लेकर उच्च स्तर तक सभी के विकास में सहयोग दे सकते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ सतपाल मेहरा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य व स्वयंसेवक कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

{ कला जगत
डा. राजेन्द्र यादव }


# हबीबजी के चहेते थे आंचलिक कलाकार



हबीब तनवीर जी छत्तीसगढ़ी लोक नाटकों का रस लेकर दर्शकों को जमीन से जोड़ने का काम किया। साथ ही शास्त्रीय नाटकों को भी बखूबी खेला। जैसे हिरमा की अमर कहानी लोक नाट्य परंपरा का आधार लेकर आगे बढ़ता हुआ आधुनिक काल तक पहुंचता है। इसके माध्यम से हबीब तनवीर ने अपनी सांस्कृतिक जड़ों को तलाशने की कोशिश की। वे नाचा के कलाकारों के स्फूर्त अभिनय प्रतिभा के कायल थे। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा था-ठाकुर राम से बड़ा अभिनय करने वाला मैंने आज तक नहीं देखा, वे प्रभावी अभिनय से दर्शकों में छाप छोड़ जाते थे। फिदाबाई की अदाकारी हमेशा प्रभावशाली रही। जोरदार आवाज और दबंग व्यक्तित्व से उसने अपनी प्रत्येक भूमिका को बेहद आकर्षक बनाया। मदन लाल के शरीर में कमाल की चुस्ती चालाकी फुर्ती के साथ समय का पाबंद उनके कला की जान रही है। लालूराम सुरताल के धनी थे, उनकी आवाज का उतार-चढ़ाव ओज से भरा हुआ होता था। बाबूदास की कामेडी एक अलग हैसियत रखती है। भुलवाराम यादव ने अपनी प्रतिभा का कमाल कई बार दिखाया। गोविंदराम निर्मलकर अभिनेता थे, तो देवलाल नाग ने बहुत कुशलतापूर्वक हारमोनियम बजाते और अभिनय करते हैं।

{ पुस्तक समीक्षा }

# छत्तीसगढ़ में संगीत: एक परिचय



कृति के नाव
छत्तीसगढ़ में संगीत

कृतिकार
इंद्रजीत दास

समीक्षक
डा. अर्चना पाठक

प्रकाशक
सर्वप्रिय प्रकाशन नई दिल्ली

कीमत
तीन सौ पचास रूपए

हमारी सांगीतिक गतिविधियां कितनी समृद्ध रही हैं यह हमें कृति 'छत्तीसगढ़ में संगीतः एक परिचय' से जाना जा सकता है। रियासत काल से लेकर अंचल ने संगीत के क्षेत्र में जो सफर तय किए, उसका विस्तार से वर्णन हमें इस कृति में देखने मिल जाता है। संपूर्ण पुस्तक को छः अध्याय में विभाजित कर संगीत का इतिहास, दरबार की गायन, राज दरबार के संगीतकार, संगीत की कार्य शैली और रंगमंचों के इतिहास व वर्तमान परिपेक्ष्य में नाटकों की वास्तविकता व भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया है। इस तरह का संग्रह दुर्लभ होता है, तथा ऐसा प्रयास करना भी अपने आपमें कठिन काम होता है। लेखिका ने अपने अथक प्रयास से इस कृति को जीवंत बनाने में कोई कमी नहीं की है।

राजनांदगांव जिले के अंतर्गत अंतागढ़ से आमाबेड़ा के वनाच्छादित प्रदेश के पर्वतों के शिखर पर एक छोटा सा सेमूरगांव है। गांव के पास एक छोटी सी नदी बहती है, जिसे पेनझोड़ी कहा जाता है। इसी पेनझोड़ी के किनारे एक टीले पर स्थित लिंगोदेव में मयूर पंख लगे हुए है। इसी आंगा पर लिंगो जीव सवार है जो तृणाच्छादित एक लोहखंड के रूप में है। हर तीन वर्ष के अंतराल में सेमूरगांव में लिंगो देव का मेला लगता है, इस अवसर विशेष रूप से भक्तों द्वारा पूजा अर्चना की जाती है।




ऐतिहासिकः मोती राव

# सेमूरगांव में विशेष पूजा होती है आंगा देव की


छत्तीसगढ़ में आज भी प्राचीन काल के अनेक ऐतिहासिक महत्व के स्थल देखने को मिल जाते हैं। ऐसे ही स्थलों में राजनांदगांव जिले के अंतर्गत अंतागढ़ से आमाबेड़ा के वनाच्छादित प्रदेश के पर्वतों के शिखर पर एक छोटा सा सेमूरगांव है। गांव के पास एक छोटी सी नदी बहती है, जिसे पेनझोड़ी कहा जाता है। इसी पेनझोड़ी के किनारे एक टीले पर स्थित लिंगोदेव में मयूर पंख लगे हुए है। इसी आंगा पर लिंगो जीव सवार है जो तृणाच्छादित एक लोहखंड के रूप में है। लिंगो की वर्तुलाकार ग्रीवा में उसका पुत्र नेतूरगुण्डी घंटी के रूप में विराजमान हैं। लिंगो के सिंहासन के दाई ओर एक अर्धगोलाकृति कपालनुमा प्रस्तर खंड है, इसके ऊपर पालो (पुष्प) वस्त्र हैं। यहीं लिंगो देव के दो अस्त्र, अश्व और वर्तुलाकार दंड हैं। इस देव स्थल पर ध्यानावस्था में पुजारी आरूढ़ होता है। हर तीन वर्ष के अंतराल में सेमुरगांव में लिंगो देव का मेला लगता है, इस अवसर विशेष रूप से भक्तों द्वारा पूजा अर्चना की जाती है। मेले के समय संपूर्ण गोंडवाना के कोया वंशीय गोंड समुदाय जो बारह सगा शाखाओं में विभाजित हैं अपने अपने देवगणों के साथ देव पूजा में सम्मिलित होने के लिए पधारते हैं। इस उत्सव के समय मेले जैसा माहौल रहता है, तथा इस मेले में केवल आदिवासी ही अन्य समाज के लोग भी मेले में आकर अपनी धार्मिक प्रकट करते हैं।





## मन को लुभाते हैं


# कूटन जलप्रपात



पर्यटन : आशा ध्रुव

छत्तीसगढ़ का कसडोल और बलौदाबाजार अंचल केवल ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व के स्थलों के लिए ही नहीं जाना जाता। इसके साथ ही यहां प्रकृति के सुरम्य वादियों के बीच घने जंगलों का आनंद भी लिया जाता है। यहां कई नदी-नाले व झरने बरसात के दिनों में काफी मनमोहक लगने लगते हैं। ऐसे ही यहां प्रकृति की वादियों में कूटन जलप्रपात है जो जिला मुख्यालय कसडोल से मात्र दस किमी की दूरी पर है। यहां काफी ऊंचाई से गिरता पानी दूध जैसा प्रतीत होने लगता है। इस स्थान पर बड़े-बड़े काले और पीले रंग के चट्टान भी मन को आकर्षित करते हैं। वर्ष में लगभग छः से आठ महीने पर्यटकों का आना जाना यहां लगा रहता है। यहां के आसपास का वातावरण भी रमणीय है। शासन के नक्शे से यह स्थान अछूता है इसलिए पर्यटकों के लिए सुविधाओं का अभाव नजर आता है।

# छत्तीसगढ़ी भाषा के अस्तित्व पर मंथन



लोक साहित्य : सरला शर्मा

वैश्विकीरण के दौर में विश्व के बोली और भाषा में व्यापक असर देखा जा रहा है। भाषा और बोली के मूल रूप में परिवर्तन से इन्हें बचा पाना असंभव सा होने लगा है। हमारे आंचलिक साहित्य छत्तीसगढ़ी में देखें तो संस्कृत, हिन्दी और छत्तीसगढ़ी भाषाओं की लिपि देवनागरी है। ध्वनि आधारित होने के कारण उच्चारण भी सामान्य ही हैं, ऐसे में हमें लिपि और वर्णमाला में भेद नहीं करना चाहिए। भाषाई प्रगति के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी के त्याज्य वर्णों का उच्चारण भी आज सहजतापूर्वक स्वीकार किया जाने लगा है। भाषा सतत प्रवाहमयी नदी की तरह है जिसमें समयानुसार नए शब्द जुड़ते रहते हैं, तभी गतिशीलता बनी रहती है। विश्व भाषा परिषद के अनुसार प्रतिवर्ष लगभग 20 भाषाएं लुप्त होती जा रही हैं। भाषाई संकट के युग में छत्तीसगढ़ के अस्तित्व की रक्षा के लिए वांछित प्रगति के लिए हमें दुराग्रह त्यागना होगा। यह निर्णय छत्तीसगढ़ी के सर्वांगीण विकास में सहायक तो होगा ही, साहित्य रचना के लिए भी अनुकूल होगा। वस्तुतः देवनागरी लिपि ही वह कड़ी है जो संस्कृत, हिन्दी और छत्तीसगढ़ी को जोड़े रखा है।

{ गांव की कहानी
लालेश्वर सिन्हा }

# राजा के ठहरने के कारण गांव का नाम हुआ

धमतरी जिले के मगरलोड ब्लाक में राजाडेरा ग्राम स्थित है। बस्तर के राजा-रानी इस स्थल से गुजरते समय रात्रि विश्राम किए थे, इसलिए उनकी स्मृति को बनाए रखने के लिए इस गांव का नाम राजाडेरा रखा गया। राजा और रानी गांव के तालाब के घाट में जिस शिला पर स्नान किए, उस स्थान को राजा-रानी शिला और राजा-रानी घाट कहा जाता है।

प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण वनस्थली में छोटा सा राजाडेरा ग्राम धमतरी जिले के मगरलोड ब्लाक में स्थित है। इसके समीपस्थ ग्राम में सोनभट्टी, पिपरौद, बाथामुड़ा एवं पठार से मरकाटोला नाला का अनुपम संगम है। यहां के निवासियों का मुख्य देव नाग देवता और सोनादाई हैं। इस स्थान पर प्रति वर्ष चैत्र माह में जातरा पूजा की जाती है। इस जातरा पूजा में परसाबुडा, रेंगाडीह, बूढ़ाराव, मड़ेली, बकोरी, पिपरौद, सोनारिन दैहान और चारभाठा ग्रामवासी सम्मिलित होते हैं। यहां के देव स्थल को पवित्र बनाए रखने के लिए वर्ष भर किसी भी अशुद्धि कार्य से बचने के लिए शुद्ध रखा जाता है, नहीं तो अनिष्ट होने की संभावना बनी रहती है। मान्यता है कि बस्तर के राजा-रानी इस स्थल से गुजरते समय रात्रि विश्राम किए थे, इसलिए उनकी स्मृति को बनाए रखने के लिए इस गांव का नाम राजाडेरा रखा गया। राजा और रानी गांव के तालाब के घाट में जिस शिला पर स्नान किए, उस स्थान को राजा-रानी शिला और राजा-रानी घाट कहा जाता है। आज भी यह क्षेत्र वनों से घिरा है तथा अनेक प्रजाति के दुर्लभ जड़ीबूटी इस स्थल पर मौजूद हैं। वर्ष भर दूर-दूर से भक्त इस गांव में देवों के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने आते हैं और मनोवांछित फल प्राप्त करते हैं।




# जन सेवा के लिए समर्पित रहे दुर्गाचरण पटेल



सुरता : विद्यानंद तिवारी

छत्तीसगढ़ में कई दानवीर पुरूषों ने जन्म लिया। इन दानवीरों ने जन सेवा में अपना सब कुछ अर्पण कर दिया। ऐसे ही हमारे अंचल के एक पुरोधा दुर्गाचरण पटेल का जन्म मालगुजार परिवार गांव पटेलपाली में 12 फरवरी 1909 को निर्भय पटेल और लक्ष्मी बाई पटेल के घर इकलौते पुत्र के रूप में हुआ था। रायगढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 6 किमी दूर आपका पटेलपाली सुविधाविहीन गांवों में रहा। आप विनोबा भावे के समाज सेवा से काफी प्रभावित हुए, और उनके पद चिन्हों पर चलकर आप जीवन भर समाज सेवा, शिक्षा तथा विकास के कार्यों में लगे रहे। सरदार पटेल की मूर्ति स्थापना अपने गांव में आपने कराई। देशभक्ति और देश सेवा आपमें कूट-कूट कर समाहित रही। आपने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए घर में ही पुस्तकालय की स्थापना की थी। आपने कई एकड़ जमीन ग्राम विकास के लिए दान में दे दी। आपके किए गए कार्यों की चर्चा आज भी इन क्षेत्रों में होते रहती है। आप एक कुशल समाज सेवक, राजनीतिज्ञ, शिक्षा, संगीत और कृषि जगत में अपना सर्वस्व अर्पण कर 9 अक्टूबर 1983 को अपना भौतिक देह त्याग कर स्वर्गवासी हो गए।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# टीम इंडिया पर मंडरा रहा बड़ा खतरा, तीसरा वनडे हारते ही होगा बड़ा नुकसान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा मैच आज 22 मार्च को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। ये मैच टीम इंडिया के लिए काफी अहम रहने वाला है। दोनों टीमों के बीच ये सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है। टीम इंडिया सीरीज का आखिरी मैच अगर जीत जाती है तो ठीक मगर हार गई तो टीम को दो बड़े नुकसान हो सकते हैं। ऐसे में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया इस मैच को हर हाल में जीतना चाहेगी। भारतीय टीम इस मुकाबले में जीत हासिल करना चाहती है तो उसे बल्लेबाजी व गेंदबाजी दोनों में सुधार करना होगा।

### वन डे रैंकिंग से टीम इंडिया को धोना पड़ेगा हाथ

टीम इंडिया अगर तीसरा मैच हार जाती है तो वह सीरीज में 1-2 से गंवा देगी। वहीं, टीम इंडिया मौजूदा समय में वनडे रैंकिंग में नंबर 1 है लेकिन भारत तीसरे वनडे में हारा तो ऑस्ट्रेलिया उससे आगे निकाल सकता है। ऑस्ट्रेलिया के 2-1 से सीरीज जीतने पर दोनों टीमों के 113 अंक हो जाएंगे। वहीं, टीम इंडिया ये मुकाबला जीतने में कामयाब रहती है तो 115 अंकों के साथ वह वनडे रैंकिंग में नंबर 1 बनी रहेगी।



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा वनडे आज चेन्नई में

### वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम

स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, एश्टन एगर, एलेक्स केरी, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मारनस लाबुस्चगने, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर, एडम जाम्पा।

### वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल, ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, जयदेव उनादकट।



### एक-एक की बराबरी पर वनडे सीरीज

*सीरीज के पहले मैच में भारत ने आस्ट्रेलिया को 35.4 ओवर में 188 रन पर समेट दिया था। इसके जवाब में टीम इंडिया ने 39.5 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 191 रन बना दिए थे। वहीं, दूसरे वनडे में टीम इंडिया की पारी 117 रनों पर ढेर हो गई थी। टीम इंडिया को दूसरे वनडे में 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।*

### भारत VS ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज

**पहला वनडे मैच**
17 मार्च — भारत जीता

**दूसरा वनडे मैच**
19 मार्च — ऑस्ट्रेलिया जीता

**तीसरा वनडे मैच**
22 मार्च — चेन्नई

## खबर संक्षेप



### सीनियर राष्ट्रीय तलवारबाजी चैंपियनशिप 25 से पुणे में

**पुणे।** ओलंपियन सीए भवानी देवी यहां 25 से 28 मार्च तक चलने वाली 33 वीं सीनियर राष्ट्रीय तलवारबाजी चैम्पियनशिप में भाग लेने वाले देशभर के 700 से अधिक खिलाड़ियों में मुख्य आकर्षण होगी। इस स्पर्धा का आयोजन भारतीय तलवारबाजी संघ कर रहा है। इसमें महाराष्ट्र तलवारबाजी संघ और डीवाई पाटिल अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय में सहयोग कर रहे है। चैंपियनशिप का आयोजन महालुंगे-बालेवाड़ी में श्री शिव छत्रपति खेल परिसर में किया जाएगा।

### 'इंडियन्स स्पोर्ट्स ऑनर्स' पुरस्कार समारोह 23 को

**मुंबई।** इंडियन स्पोर्ट्स ऑनर्स खेल पुरस्कार के चौथे सत्र यहां 23 मार्च को आयोजन होगा। इस पुरस्कार समारोह में एक जनवरी, 2021 और 28 फरवरी, 2023 के बीच असाधारण प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। ज्यूरी पैनल में भारतीय बैडमिंटन टीम के मुख्य राष्ट्रीय कोच एवं ऑल इंग्लैंड के पूर्व चैंपियन पुलेला गोपीचंद के अलावा 2008 के ओलंपिक चैंपियन निशानेबाज अभिनव बिंद्रा और पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान सरदार सिंह शामिल हैं।

### विमेंस प्रीमियर लीग : रॉयल चैलेंजर्स की छठी हार

# बैंगलोर पर शानदार जीत दर्ज कर शीर्ष पर पहुंची मुंबई इंडियंस

एजेंसी ▸▸| मुंबई

महिला प्रीमियर लीग के 19वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का सामना मुंबई इंडियंस से हुआ। इस मैच में मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से जीत मिली। मुंबई टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 125 रन बनाए। इसके बाद 126 रनों का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस ओवर में 16.3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल किया और 4 विकेट से मैच अपने नाम किया।

### स्मृति मंधाना ने आखिरी मैच में भी किया निराश

वुमेंस प्रीमियर लीग के पहले सीजन के ऑक्शन में स्मृति मंधाना के लिए सबसे पहले बोली लगी। आरसीबी ने उन्हें 3.4 करोड़ रुपये खर्च करके खरीदा। इंटरनेशनल क्रिकेट में कमाल का प्रदर्शन करने वालीं 26 साल की बाएं हाथ की बल्लेबाज ने लीग में निराश किया। वह एक अर्धशतक तक नहीं जड़ पाईं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आखिरी मैच में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। वह 25 गेंद पर 3 चौके और 1 छक्के की मदद से 24 रन बनाकर आउट हो गईं।



### बड़ी पारी नहीं खेल पाईं ऋचा घोष

*शैफाली वर्मा की अगुआई में भारतीय महिला अंडर-19 टीम के वर्ल्ड कप जीतने के बाद ऋचा घोष का नाम चर्चा में आया। हालांकि, वह पहले से ही सीनियर टीम का हिस्सा थीं। उनकी हार्ड हिटिंग की काबिलियत के कारण ऑक्शन में आरसीबी ने उनपर 1.9 करोड़ रुपये लुटाए, लेकिन उनका प्रदर्शन काफी साधारण रहा। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने 8 मैच की 7 पारी में 23 के औसत से 138 रन बनाए। वह 13 गेंद पर 3 चौके और 2 छक्के की मदद से 29 रन बनाकर आउट हो गईं।*

### 3.4 करोड़ की स्मृति, 1.9 करोड़ की ऋचा ने डुबोई आरसीबी की लुटिया

**2.30 और 1.38 लाख का पड़ा 1-1 रन**



*वुमेंस प्रीमियर लीग 2023 से ऑक्शन में स्मृति मंधाना सबसे महंगी खिलाड़ी रही थीं। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने उन्हें 3.4 करोड़ रुपये में खरीदा था। फ्रेंचाइजी ने उन्हें कप्तान बनाया, लेकिन बल्लेबाजी और कप्तानी दोनों ही विभाग में वह फ्लॉप रहीं। टीम प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच पाई। उन्होंने 18.62 के औसत से सिर्फ 149 रन बनाए। यानी उनका एक रन फ्रेंचाइजी को 2.30 लाख का पड़ा। कुछ यही हालत विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष का भी रहा। ऋचा को आरसीबी ने 1.9 करोड़ रुपये में खरीदा था। उन्होंने 23 के औसत से 138 रन बनाए। फ्रेंचाइजी को उनका 1 रन 1.38 लाख का पड़ा।*

## कैपिटल्स ने वॉरियर्स को हराकर फाइनल का टिकट पक्का किया



- आखिरी लीग मैच में यूपी को 5 विकेट से हराया
- यूपी और मुंबई के बीच एलिमिनेटर 24 मार्च को

भाषा ▸▸| मुंबई

एलिस कैप्सी के हरफनमौला खेल के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट के लीग चरण के आखिरी मुकाबले में पांच विकेट की जीत के साथ ही फाइनल का टिकट पक्का कर लिया। दिल्ली कैपिटल्स ने यूपी वारियर्स को छह विकेट पर 138 रन पर रोकने के 13 गेंद बाकी रहते पांच विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए 19.4 ओवर तक जीत दर्ज करनी थी लेकिन उसने 17.5 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के बाद दिल्ली कैपिटल्स आठ मैचों में छह जीत से 12 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी जबकि मुंबई इंडियन्स खराब नेट रन रेट के कारण इतने ही अंक होने के बाद भी दूसरे स्थान पर रही। यूपी वारियर्स का इस मैच से पहले ही तीसरे स्थान पर रहना पक्का था। टूर्नामेंट के नियम के मुताबिक लीग चरण में शीर्ष पर रहने वाली टीम फाइनल में सीधे क्वालीफाई करेगी जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच एलिमिनेटर मैच होगा।

'प्लेयर ऑफ द मैच' कैप्सी ने चार ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट चटकाने के बाद 31 गेंद में 34 रन की पारी खेल टीम को फाइनल में पहुंचने में अहम भूमिका निभाई। दिल्ली के लिए कप्तान लानिंग ने 23 गेंद में 39 रन की आक्रामक पारी खेली। जबकि विजयी चौका जड़ने वाली मरीजान काप 31 गेंद में 34 रन पर नाबाद रही। लक्ष्य का पीछा करते हुए लानिंग और शेफाली वर्मा (16 गेंद में 21 रन) ने पहले विकेट के लिए 31 गेंद में 56 रन की साझेदारी कर दिल्ली कैपिटल्स को एक बार फिर तेज शुरुआत दिलायी।

## विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप: निकहत नीतू, मनीषा व जैस्मीन क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



भारतीय मुक्केबाजों ने महिला विश्व चैम्पियनशिप में मंगलवार को शानदार प्रदर्शन किया जिनमें निकहत जरीन (50 किलो) के अलावा नीतू गंघास (48 किलो), मनीषा मौन (57 किलो) और जैस्मीन (60 किलो) ने जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। निकहत ने मैक्सिको की पैट्रिसिया अल्वारेज हेरेरा का 5-0 से शिकस्त देकर टूर्नामेंट की अपनी तीसरी जीत दर्ज की। नीतू और मनीषा ने आरएससी (रैफरी के द्वारा मुकाबला रोके जाने) से जीत दर्ज की। राष्ट्रमंडल खेलों की चैम्पियन नीतू ने ताजिकिस्तान की सुमैया कोसिमोवा को पहले दौर में हराया जबकि पिछले साल की कांस्य पदक विजेता मनीषा ने तुर्की की नूर एलिफ तुरहान को मात दी। जैस्मीन ने पहले दौर में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए ताजिकिस्तान की मिजगोना सामडोवा को मात दी। शशि चोपड़ा (63 किलो) हालांकि जापान की मेइ कितो से 0-4 से हारकर बाहर हो गई। नीतू का यह दूसरा मुकाबला था जिसका फैसला आरएससी पर आया। निकहत ने जवाबी हमला करने से पहले अपने प्रतिद्वंद्वी के खेल को समझने में कुछ सेकंड का समय लिया। हरेरा के मुक्कों से बचने के लिए उन्होंने अपने फुर्तीले पैरों का इस्तेमाल किया। दोनों मुक्केबाज पहले 52 किग्रा भार वर्ग में चुनौती पेश करते थे। मैक्सिको की मुक्केबाज की आक्रामक शैली से अच्छी तरह वाकिफ निकहत ने सटीक पंच जड़े।

## कोरोना के चलते आईपीएल के लिए मेडिकल गाइडलाइन्स


एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

**बीसीसीआई सख्त, सभी खिलाड़ियों को पालन करना होगा अनिवार्य**

इस साल आईपीएल की शुरुआत 31 मार्च से होने वाली है। इससे पहले सभी टीमें तैयारियों में जुट गई हैं। आईपीएल शुरू होने से पहले ही बीसीसीआई ने एक बड़े बदलाव का ऐलान कर दिया है। फ्रेंचाइजियों के लिए कुछ गाइडलाइन्स निर्धारित की गई हैं जिसका सभी टीमों के खिलाड़ियों को पालन भी करना होगा। आईपीएल के पहले मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच टक्कर देखने को मिलेगी।

### कोविड पॉजिटिव खिलाड़ी रहेगा आइसोलेट

कोरोना वायरस को ध्यान में रखते हुए बीसीसीआई ने यह बड़ा कदम उठाया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस हफ्ते आईपीएल की सभी फ्रेंचाइजी को कोविड गाइडलाइन्स बता दी जाएंगी। हालांकि, यह पहले के मुकाबले उतनी कठोर नहीं हैं लेकिन अगर कोई खिलाड़ी या टीम का सदस्य कोविड पॉजिटिव पाया जाता है तो उसे कम से कम 1 हफ्ते के आइसोलेशन पीरियड से गुजरना होगा। इस बीच वह कोई मैच या किसी तरफ के प्रेक्टिस सेशन में भी हिस्सा नहीं लेगा।



### क्या हैं नई मेडिकल गाइडलाइन्स

रिपोर्ट के मुताबिक जो खिलाड़ी पॉजिटिव पाया जाता है उसे हफ्तेभर आइसोलेशन में रखा जाएगा। इसके बाद पांचवें दिन उस खिलाड़ी का आर टी पीसीआर टेस्ट होगा। अगर यह टेस्ट नेगेटिव आता है तो 24 घंटे के अंदर फिर से टेस्ट होगा। दोनों टेस्ट में नेगेटिव रिपोर्ट आने के बाद ही खिलाड़ी टीम के सदस्यों के साथ जुड़ सकेगा।

### घरेलू मैदान पर खेले जाएंगे मुकाबले

*बता दें, कि पिछले तीन साल से कोरोना वायरस के चलते बीसीसीआई ने कड़े नियम बनाए हुए थे। इस बार कोरोना के कम होते प्रकोप को देखते हुए टीमें अपने घरेलू क्रिकेट ग्राउंड पर भी खेल सकेंगी। हालांकि, बीसीसीआई ने मेडिकल गाइडलाइन्स में भी काफी ढील दी है। कोरोना को लेकर बीसीसीआई का मानना है कि हमें इसे लेकर सावधानी बरतने की अभी भी जरूरत है।*

### 31 मार्च से शुरू होने वाली है इंडियन प्रीमियर लीग

# हिन्दी में सहवाग व मिताली और इंग्लिश में गावस्कर बढ़ाएंगे आईपीएल का रोमांच, कमेंटेटर्स की लिस्ट जारी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आईपीएल 2023 की शुरुआत 31 मार्च से होने वाली है। इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सीजन के लिए अभी से दर्शकों में जमकर उत्साह देखा जा रहा है। फैंस के साथ-साथ इस ग्रैंड लीग के लिए सभी टीमें भी जमकर तैयरियां कर रही हैं। आईपीएल के मैचों के दौरान दर्शकों के मनोरंजन को दोगुना करने का काम कमेंट्री टीम करती है। ऐसे में आईपीएल 2023 के शुरुआत के पहले हिंदी और इंग्लिश कमेंटटर्स की लिस्ट सामने आ गई है।

### लिटिल मास्टर के हाथों कमेंट्री की जिम्मेदारी

आईपीएल के 16वें सीजन के पहले जारी हुए कमेंटेटर्स की लिस्ट में कई नए चेहरे भी देखने को मिलेंगे। वहीं हिंदी कमेंट्री की बात करें तो इस बार इसकी कमान भारत के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग और हरभजन सिंह के हाथों में रहेगी। वहीं इंग्लिश कमेंट्री की बात करें तो इसका दारोमदार लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर के हाथों में रहेगी।



### युसूफ इन, आकाश, शास्त्री आउट

वहीं नए चेहरों की बात करें तो इस बार इरफान पठान के बड़े भाई युसुफ पठान भी नजर आएंगे। युसुफ को उनके ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है। हालांकि अब फैंस उनके कमेंट्री का भी आनंद उठा सकेंगे। फैंस को थोड़ी निराशा इस बात से हुई है कि इस बार आईपीएल के कमेंट्री टीम में आकाश चोपड़ा और रवि शास्त्री का नाम नहीं है।

### पहला मैच 31 को गुजरात टाइटंस व सीएसके के बीच

आपको बता दें कि आईपीएल 2023 की शुरुआत 31 मार्च से होने वाली है. इस लीग का पहला मुकाबला गत चैंपियन गुजरात टाइट्स और महेंद्र सिंह धोनी के चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होगा। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

**आईपीएल 2023 हिंदी कमेंटेटर्स लिस्ट:** वीरेंद्र सहवाग, हरभजन सिंह, इरफान पठान, यूसुफ पठान, मिताली राज, मोहम्मद कैफ, संजय मांजरेकर, इमरान ताहिर, दीपदास गुप्ता, अजय मेहरा, पदमजीत सहरावत और जतिन सप्रू शामिल हैं।

**आईपीएल 2023 इंग्लिश कमेंटेटर्स लिस्ट:** सुनील गावस्कर, जैक कैलिस, मैथ्यू हेडन, केविन पीटरसन, आरोन फिंच, टॉम मूडी, पॉल कॉलिंगवुड, डेनियल विटोरी, डेनियल मॉरिसन और डेविड हसी

### मनु आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगी



**भोपाल।** स्टार महिला निशानेबाज मनु भाकर बुधवार से यहां शुरू हो रहे अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल में भारत की मजबूत टीम का अगुवाई करेंगी। यह नयी दिल्ली के बाहर भारत में आयोजित होने वाला पहला निशानेबाजी विश्व कप चरण है और पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों का फैसला पहले दिन ही हो जायेगा। दोनों स्पर्धाओं में तीन-तीन भारतीय पदक की दौड़ में होंगे।

## जब सचिन ने सहवाग से कहा था–तुम्हें बैट मार दूंगा:वीरू सिक्स मारकर 300 रन पूरे करना चाहते थे, तेंदुलकर बोले– पागल हो क्या?

पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने अपने ओपनिंग पार्टनर सचिन तेंदुलकर के साथ हुआ एक दिलचस्प वाकया शेयर किया है। सचिन ने एक बार सहवाग से कहा था कि तुम्हें बैट मार दूंगा। 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप की विनर टीम का हिस्सा रहे वीरेंद्र सहवाग ने एक न्यूज चैनल के प्रोग्राम में अपने बैटिंग स्टाइल, सचिन के साथ ओपनिंग पार्टनरशिप जैसे मुद्दों पर बातचीत की। वीरेंद्र सहवाग ने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच 2013 में खेला था। तब वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट टीम का हिस्सा थे। सहवाग ने 104 टेस्ट में 8,586 रन, 251 वनडे में 8,273 रन और 19 टी-20 मैच में 394 रन बनाए हैं। सहवाग ने कहा, "हम 2003 में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच खेल रहे थे। मैंने साइमन कैटिच को कुछ छक्के मारे और 195 रन पर पहुंच गया। 200 रन तक पहुंचने के लिए मैंने उसे एक और सिक्स मारने की कोशिश की, लेकिन मैं आउट हो गया। इसके बाद हम पाकिस्तान गए। मुल्तान में 100 रन पहुंचने के लिए मैंने 6-7 सिक्स मारे। उसके बाद सचिन तेंदुलकर बल्लेबाजी के लिए आए। फिर सचिन बोले कि अब अगर तुमने सिक्स मारा तो मैं तुम्हें बैट मार दूंगा। मैंने सचिन से पूछा कि ऐसा क्यों? सचिन ने मुझसे कहा कि हम ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट हार गए, क्योंकि तुम छक्का मार रहे थे। इसके बाद मैंने 120 रन से 295 रन तक एक भी सिक्स नहीं मारा। 295 पर पहुंचने के बाद मैंने सचिन से कहा कि अब मैं सिक्स मारकर 300 रन पूरे करूंगा। तब सचिन ने मुझसे कहा कि तुम पागल हो क्या? इंडिया के लिए किसी ने आज तक ट्रिपल सेंचुरी नहीं मारी है। मैंने सचिन से कहा कि किसी ने 295 रन भी नहीं मारे हैं।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com